डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)

दिसंबर भाग-2
2020

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
फोनः 8750187501
ई-मेलः online@groupdrishti.com

प्रश्न Part -2

1. हिमालयन सीरो के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. हिमालयन सीरो पूर्वी, पश्चिमी और ट्रांस-हिमालयी क्षेत्रों में पाए जाते हैं।
   2. इसे IUCN की रेड लिस्ट में सुभेद्य के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?
   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 न ही 2
2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. गृह भारत की अपनी ग्रीन बिल्डिंग रेटिंग प्रणाली है जिसकी परिकल्पना ऊर्जा और संसाधन संस्थान द्वारा की गई थी।
   2. ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चैलेंज का आयोजन नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा किया जाता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 न ही 2
3. 'राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह राष्ट्रीय गंगा परिषद की क्रियान्वयन इकाई है।
   2. इसकी स्थापना वर्ष 2011 में एक संविधिक निकाय के रूप में की गई थी।

   उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?
   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 न ही 2
4. राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान (IIPS) सर्वेक्षण के संचालन हेतु नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है।
   2. केरल और बिहार में क्रमशः न्यूनतम और उच्चतम कुल प्रजनन दर (TFR) दर्ज की गई है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 और न ही 2

नोट :

5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. विजय दिवस कारगिल युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों की विजय को चिह्नित करता है।
   2. कारगिल युद्ध में भारतीय सेना और मुक्ति वाहिनी ने मिलकर पाकिस्तान की सेना को हराया था।

   उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?
   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 न ही 2

6. भारतीय गुणवत्ता परिषद के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित एक वैधानिक निकाय है।
   2. विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय QCI के लिये नोडल मंत्रालय है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 और न ही 2

7. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   1. अधिक आनुवंशिक विविधता रोगजनकों के प्रति पौधे के प्रतिरोध में वृद्धि करती है।
   2. दालों की खेती के लिये चावल और गेहूँ की तुलना में अधिक उर्वरकों की आवश्यकता होती है।
   3. पूसा-44 गेहूँ की उच्च उपज वाली किस्म है।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. केवल 1 और 3
   d. 1, 2 और 3

8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. मानव विकास सूचकांक (HDI) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा जारी किया गया है।
   2. मानव विकास रिपोर्ट (HDR) 2020 ने प्लैनेटरी प्रेशर-एड्जस्टेड HDI की शुरुआत की है।
   3. लैंगिक असमानता सूचकांक प्रजनन स्वास्थ्य, सशक्तिकरण और श्रम बाजार का उपयोग करके लैंगिक असमानता की एक समग्र माप प्रस्तुत करता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   a. केवल 1 और 2
   b. केवल 2
   c. केवल 2 और 3
   d. 1, 2 और 3

नोट :

9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रेस की स्वतंत्रता संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत संरक्षित (उपलक्षित रूप में) है।
2. प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया प्रेस की स्वतंत्रता को संरक्षित करने के लिये गठित एक संवैधानिक निकाय है।
3. विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक (WPFI) में भारत को शीर्ष देशों में स्थान दिया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2 और 3
c. केवल 3
d. 1, 2 और 3

10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संसदीय विशेषाधिकार कुछ अधिकार और रियायतें हैं जो लोकसभा सदस्यों को प्राप्त हैं।
2. संसदीय विशेषाधिकारों के उल्लंघन से संबंधित कोई प्रस्ताव स्पीकर या अध्यक्ष की सहमति के बाद ही प्रस्तुत किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

11. उत्तर-पूर्वी क्षेत्रीय विद्युत व्यवस्था सुधार परियोजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह विश्व बैंक से सहायता प्राप्त करता है।
2. इसे केंद्र और राज्यों द्वारा 60:40 के आधार पर प्रायोजित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

12. न्यू डेवलपमेंट बैंक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी स्वामित्त्व संरचना में, रूस और चीन के पास ही केवल वीटो शक्तियाँ हैं।
2. इसे संयुक्त राष्ट्र महासभा में पर्यवेक्षक का दर्जा मिला हुआ है।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 न ही 2

नोट :

13. संसदीय सत्रों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. संसद का सत्र बुलाने की शक्ति सरकार के पास होती है।
    2. संविधान में एक वर्ष में तीन निश्चित संसदीय सत्रों का प्रावधान है।

    उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?
    a. केवल 1
    b. केवल 2
    c. 1 और 2 दोनों
    d. न तो 1 न ही 2

14. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यंग चैंपियंस ऑफ़ द अर्थ पुरस्कार को संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) द्वारा वर्ष 2005 में स्थापित किया गया था।
    2. UNEP को संयुक्त राष्ट्र (UN) प्रणाली के भीतर पर्यावरण गतिविधियों का मार्गदर्शन और समन्वय करने के लिये स्थापित किया गया था।
    3. UNEP द्वारा उत्सर्जन गैप रिपोर्ट जारी की जाती है।

    उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?
    a. केवल 1 और 2
    b. केवल 2 और 3
    c. केवल 3
    d. 1, 2 और 3

15. राष्ट्रीय जल विज्ञान परियोजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह जल संसाधनों की जानकारी तक पहुँच में सुधार करने हेतु एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
    2. यह केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय की एक पहल है तथा इसे विश्व बैंक से समर्थन प्राप्त है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    a. केवल 1
    b. केवल 2
    c. 1 और 2 दोनों
    d. न तो 1 और न ही 2

16. जैव ईंधन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. बायो-इथेनॉल की ऊर्जा दक्षता अन्य गैसोलीन विकल्पों की तुलना में सबसे अधिक है।
    2. बायो-इथेनॉल, बायो-ब्यूटेनॉल और बायो-हाइड्रोजन का उत्पादन किण्वन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है।
    3. E20 ईंधन में गैसोलीन के साथ 20% इथेनॉल का मिश्रण होता है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    a. केवल 1 और 2
    b. केवल 2 और 3
    c. केवल 1 और 3
    d. 1, 2 और 3

नोट :

17. भू-समकालिक स्थानांतरण कक्षा (GTO) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार ककीजिये:
    1. भू-समकालिक स्थानांतरण कक्षा, भू-स्थिर पृथ्वी की कक्षा की तरह एक गोलाकार कक्षा है।
    2. एक अंतरिक्ष यान को भू-समकालिक पृथ्वी की कक्षाओं से पहले GTO में लॉन्च किया जाता है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    a. केवल 1
    b. केवल 2
    c. 1 और 2 दोनों
    d. न तो 1 और न ही 2
18. क्रिप्टो-करेंसी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये?
    1. यह एक विकेंद्रीकृत आभासी मुद्रा है जो क्रिप्टोग्राफिक एन्क्रिप्शन तकनीकों द्वारा संरक्षित है।
    2. यह सरकार द्वारा जारी की गई एक मुद्रा है जो किसी भी कमोडिटी द्वारा समर्थित नहीं है।
    3. भारत में आभासी मुद्राओं (VC) का व्यापार प्रतिबंधित है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    a. केवल 1
    b. केवल 2 और 3
    c. केवल 2
    d. 1, 2 और 3
19. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 356 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. राष्ट्रपति द्वारा केवल केंद्रीय मंत्रिपरिषद की सलाह पर राष्ट्रपति शासन लगाया जाता है।
    2. राष्ट्रपति शासन लागू करने से संबंधित घोषणा को लागू किये जाने की तिथि से छह माह के भीतर संसद के दोनों सदनों द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिये।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही/हैं?
    a. केवल 1
    b. केवल 2
    c. 1 और 2 दोनों
    d. न तो 1 और न ही 2
20. भारत में अल्पसंख्यकों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. भारत के संविधान के तहत धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यकों को मान्यता दी गई है।
    2. राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग एक सांविधिक निकाय है।
    3. मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, पारसी और जैन भारतीय संविधान के तहत धार्मिक अल्पसंख्यकों के रूप में चिह्नित हैं।

    उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?
    a. केवल 1
    b. केवल 2 और 3
    c. केवल 1 और 2
    d. 1, 2 और 3

नोट :

21. महानदी के संदर्भ निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उद्गम मध्यप्रदेश में अमरकंटक के दक्षिण से होता है।
2. नदी बेसिन का जलग्रहण क्षेत्र केवल छत्तीसगढ़, ओडिशा और मध्य प्रदेश तक ही विस्तारित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

22. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सूचना संलयन केंद्र-हिंद महासागर क्षेत्र (IFC-IOR) केवल व्हाइट शिपिंग सूचना विनिमय समझौता करने वाले देशों को ही अपनी सेवाएँ प्रदान करेगा।
1. भारत ट्रांस-रीजनल मैरीटाइम नेटवर्क (T-RMN) का हस्ताक्षरकर्त्ता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

23. निम्नलिखित में से किन खेलों को 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' में शामिल किया गया है?

1. गतका
2. कलारीपयट्टू
3. थांग-ता

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1 और 3
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 2
d. 1, 2 और 3

24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राज्य सरकार वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत पशुओं को वार्मिन घोषित कर सकती है।
2. रीसस मैकाक बंदर वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची II के तहत संरक्षित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

नोट :

25. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. यह वाणिज्यिक उद्यम के विचार को धर्मार्थ गैर-लाभकारी संगठन के सिद्धांतों के साथ मिश्रित करने वाली अवधारणा है।
    2. इसमें सामाजिक असमानताओं को दूर करने वाले व्यावसायिक मॉडल के विकास पर ज़ोर दिया जाता है।
    3. यह अवधारणा आर्थिक पहल को सफल बनाने में मदद करती है और इसके तहत किये जाने वाले सभी निवेश सामाजिक एवं पर्यावरणीय मिशन पर केंद्रित होते हैं।

    उपर्युक्त कथन निम्नलिखित में से किस अवधारणा का सर्वोत्कृष्ट वर्णन करते हैं?

    a. सामाजिक उद्यमिता
    b. सहानुभूतिशील पूंजीवाद
    c. सामाजिक पूंजी
    d. उपरोक्त में से कोई नहीं

26. तेंदुओं की आबादी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. भारत में, तेंदुओं की आबादी मध्य भारत, गंगा के मैदानों और पूर्वी तथा पश्चिमी घाटों में वितरित है।
    2. IUCN की रेड लिस्ट में इसे सुभेद्य के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    a. केवल 1
    b. केवल 2
    c. 1 और 2 दोनों
    d. न तो 1 और न ही 2

27. कभी-कभी समाचारों में दिखाई देने वाला 'चिल्ले/चिल्लाई' संदर्भित करता है?

    a. लद्दाख क्षेत्र में गहन शुष्क अवधि को।
    b. हिमाचल की विशेष शॉल को।
    c. कश्मीर घाटी में गहन शीत ऋतु की अवधि को।
    d. अजमेर की प्रसिद्ध हस्तकला को।

28. निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं?

    1. गालसेफ पिग्स भोजन और जैव चिकित्सा दोनों उद्देश्यों के लिये पहले अनुमोदित पशु जैव प्रौद्योगिकी उत्पाद हैं।
    2. भारत में, आनुवंशिक रूप से संशोधित जीवों (GMOs) के उपयोग को पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत विनियमित किया जाता है।
    3. बीटी कपास एकमात्र आनुवंशिक रूप से संशोधित (GM) फसल है जिसकी भारत में अनुमति है।

    नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

    a. केवल 1, और 3
    b. केवल 2 और 3
    c. केवल 1 और 2
    d. 1, 2 और 3

नोट :

29. सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये।
    1. सी-डॉट (C-DoT) की स्थापना दूरसंचार विभाग (DoT) के तहत दूरसंचार अनुसंधान और विकास केंद्र के रूप में की गई थी।
    2. PM-WANI योजना के लिये केंद्रीय रजिस्ट्री की देखरेख का कार्य सी-डॉट द्वारा किया जाएगा।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    a. केवल 1
    b. केवल 2
    c. 1 और 2 दोनों
    d. न तो 1 और न ही 2

30. हाल ही में समाचारों में रहा प्रारंभिक स्वास्थ्य चेतावनी प्रणाली का विकास निम्नलिखित में से किस मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है?
    a. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
    b. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय
    c. पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
    d. शिक्षा मंत्रालय

31. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. विद्युत मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय हरित राजमार्ग मिशन (NGHM) की शुरुआत की गई है।
    2. इस परियोजना का उद्देश्य बिजली के सुरक्षित ट्रांसमिशन के लिये राष्ट्रीय राजमार्गों पर एक गलियारा स्थापित करना है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    a. केवल 1
    b. केवल 2
    c. 1 और 2 दोनों
    d. न तो 1 और न ही 2

32. 'संसदीय स्थायी समिति' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये
    1. 'संसदीय स्थायी समितियों' के सदस्यों को लोकसभा से ही नामित किया जाता है।
    2. कोई भी केंद्रीय मंत्री किसी भी स्थायी समिति के सदस्य के रूप में नामित होने के योग्य नहीं होता है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    a. केवल 1
    b. केवल 2
    c. 1 और 2 दोनों
    d. न तो 1 और न ही 2

33. 'ज्वालामुखी' के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से सही है/है?
    1. ज्वालामुखी विस्फोट केवल टेक्टोनिक प्लेटों की गति के कारण होता है।
    2. किलाऊआ ज्वालामुखी हवाई ज्वालामुखी राष्ट्रीय उद्यान में स्थित है।
    3. बैरन द्वीप भारत का एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी है।

नोट :

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

34. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये;

1. प्रधानमंत्री उर्जा गंगा परियोजना के तहत गंगा नदी के चारों ओर गैस पाइपलाइन बिछाने की परिकल्पना की गई है।
2. उत्तर-पूर्व क्षेत्र (NER) गैस ग्रिड सभी उत्तर-पूर्वी राज्यों से होकर गुज़रेगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

35. लीजन ऑफ मेरिट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राज्यों के प्रमुख द्वारा शांति बहाल करने हेतु शुरू किये गए प्रयासों को मान्यता देने के लिये संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस पुरस्कार की स्थापना की गई थी।
2. भारतीय प्रधानमंत्री इस पुरस्कार से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय बने।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 न ही 2

36. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जैव विविधता पर कन्वेंशन (CBD) के सहयोग से "फायरफ्लाई बर्ड डायवर्टर" पहल की शुरुआत की गई है।
2. "फायरफ्लाई बर्ड डायवर्टर" पहल की शुरूआत 'ग्रेट इंडियन बस्टर्ड्स' (GIB) को बिजली के तारों से बचाने हेतु की गई है।
3. GIB को IUCN की लाल सूची में संकटग्रस्त की श्रेणी में सूचीबद्ध किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2
c. केवल 2 और 3
d. 1, 2 और 3

37. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. मुख्य सूचना आयुक्त पुनर्नियुक्ति के लिये योग्य नहीं है।
2. केंद्रीय सूचना आयोग के पास दीवानी न्यायालय की शक्तियाँ होती हैं।

नोट :

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 न ही 2

38. भारत के रजिस्ट्रार जनरल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. रजिस्ट्रार जनरल एक स्वायत्त निकाय है जो जनगणना के लिये उत्तरदायी है।
2. यह भारत की जनगणना और भाषाई सर्वेक्षण, दोनों के परिणामों का प्रबंधन, संचालन और विश्लेषण करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 न ही 2

39. "कैच द रेन" नामक जागरूकता अभियान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे जल शक्ति मंत्रालय द्वारा युवा मामलों और खेल मंत्रालय के सहयोग से लॉन्च किया गया है।
2. पारंपरिक वर्षा जल संचयन संरचना (RWHS) की मरम्मत इस अभियान के घटकों में से एक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 न ही 2

40. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी स्थापना वर्ष 1899 में हुई थी।
2. इसका मुख्यालय नीदरलैंड के हेग में अवस्थित है।
3. यह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विवाद समाधान से संबंधित है।

उपरोक्त कथन निम्नलिखित में से किस अंतर्राष्ट्रीय निकाय को संदर्भित करते हैं?

a. स्थायी मध्यस्थता न्यायालय
b. अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय
c. अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय
d. यूरोपीय न्यायालय

41. मदन मोहन मालवीय के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. महात्मा गांधी द्वारा उन्हें 'कर्मयोगी' की उपाधि दी गई थी।
2. उन्होंने इम्पीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल के सदस्य के रूप में कार्य किया।
3. उन्होंने 'गिरमिटिया मज़दूरी' प्रथा को समाप्त करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

नोट :

a. केवल 1
b. केवल 2 और 3
c. केवल 2
d. 1, 2 और 3

42. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. क्लोरोफिल केवल पौधों और शैवाल में पाया जाता है।
2. प्रोटोक्लोरोफिलाइड, क्लोरोफिल के संश्लेषण में एक मध्यवर्ती का काम करता है।
3. पौधों में प्रोटोक्लोरोफिल की मात्रा अधिक होने पर फोटो-विरंजन की घटना देखने को मिलती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
a. केवल 1 और 2
b. केवल 2
c. केवल 2 और 3
d. 1, 2 और 3

43. डायरेक्ट-टू-होम (DTH) और ओवर द टॉप (OTT) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. DTH एक सैटेलाइट सेवा है जो TV देखने की सेवा प्रदान करती है जबकि OTT को इंटरनेट कनेक्शन की आवश्यकता होती है।
2. DTH सिग्नल एनालॉग जबकि OTT डिज़िटल सिग्नल वाहक हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 न ही 2

44. अटल बिहारी वाजपेयी के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
1. उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया।
2. उन्हें दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान, पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 न ही 2

45. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. यह एक केंद्रीय क्षेत्रक योजना है।
2. इसका कार्यान्वयन कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा किया जाता है।
3. किसानों को प्रति वर्ष 6,000 रुपए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से दिया जाता है।

नोट :

उपर्युक्त कथन निम्नलिखित में से कौन-सी योजना को सबसे उपयुक्त संदर्भित करते हैं?

a. PM किसान
b. PM कुसुम
c. PM सुमन
d. उपरोक्त में से कोई नहीं

46. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ब्रिटिश अंटार्कटिक सर्वे (BIS) तथा यू.एस. नेशनल आइस सेंटर (USNIC) अंटार्कटिक के हिमखंडों का नामकरण करते हैं तथा उन पर नज़र रखते है।
2. दक्षिणी महासागर की अंटार्कटिक परिध्रुवीय धारा (ACC) एक मात्र महासागरीय धारा है जो पूरे विश्व में प्रवाहित होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

47. इनर लाइन परमिट (ILP) के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ILP एक आधिकारिक यात्रा दस्तावेज है जिसे भारत सरकार द्वारा वर्ष 1950 में लागू किया गया था।
2. ILP को केवल मिज़ोरम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर और नगालैंड में लागू किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

48. 'स्वास्थ्य और टेलीमेडिसिन के लिये सामाजिक प्रयास' या 'सेहत योजना' (SEHAT) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये।

1. इसके अंतर्गत केवल आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम के तहत शामिल ज़िलों को कवर किया जाएगा।
2. यह योजना नि: शुल्क बीमा कवर प्रदान करती है।
3. यह योजना प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के साथ मिलकर संचालित की जाएगी।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 3
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 2
d. 1, 2 और 3

49. हाल ही में समाचारों में रहा 'नैनोमीसल्स' है:

a. कैंसर के इलाज हेतु दवा वितरण की एक प्रभावी विधि
b. खारे जल को मीठे जल में परिवर्तित करने की एक विधि

नोट :

c. मृदा की उर्वरता में वृद्धि हेतु एक विधि
d. हाल ही में विलुप्त हुआ एक जीव

50. हाल ही में समाचारों में रही "मैं भी डिजिटल ड्राइव" को किस मंत्रालय द्वारा शुरू किया जा रहा है?
a. इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
b. आवास एवं शहरी मामलों का मंत्रालय
c. युवा मामले और खेल मंत्रालय
d. शिक्षा मंत्रालय

51. विशेष ज़ीरो कूपन पुनर्पूंजीकरण बॉण्ड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. ये व्यापार योग्य नहीं हैं परंतु हस्तांतरणीय है।
2. इन विशेष बॉण्डों के जारी होने से राजकोषीय घाटे पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

52. 'धरोहर गोद लें' परियोजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. इसका उद्देश्य भारत के पर्यटन स्थलों पर पर्यटन सुविधाओं को विकसित करके उन्हें पर्यटक अनुकूल बनाना है।
2. इस परियोजना के कार्यान्वयन के लिये पर्यटन मंत्रालय पूरी तरह से ज़िम्मेदार है।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?
a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 न ही 2

53. 'नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. यह गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले परिवारों को रियायती दरों पर परिवहन के सभी साधनों तक पहुँच प्रदान करना है।
2. इसे आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

54. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. न्यूमोकोकल रोग बैक्टीरिया के कारण होता है।
2. न्यूमोकोकल कंजुगेट वैक्सीन (PCV) सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (UIP) के तहत शामिल है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

55. कतर के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा-से सही नहीं है/हैं?

1. केवल सऊदी अरब कतर के साथ भूमि सीमा साझा करता है।
2. बहरीन, ईरान और यूएई कतर के साथ समुद्री सीमा साझा करते हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करक सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

56. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. आयुष मंत्रालय ने अच्छे और प्रतिकारक अभ्यास तथा नवाचारों पर राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन शुरू किया है।
2. अच्छे और प्रतिकारक अभ्यास तथा नवाचारों पर राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन को संचारी के साथ-साथ गैर-संचारी रोगों को नियंत्रित करने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों को शुरू करने के लिये आयोजित किया जाता है।
3. आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर कार्यक्रम के तहत ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन प्रणाली लागू की गई है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

57. त्सो कर आर्द्रभूमि क्षेत्र के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक रामसर साइट है जहाँ सफेद नमक के एफ्फ्लोरेंस पाए जाते हैं।
2. बर्ड लाइफ इंटरनेशनल के अनुसार यह एक महत्त्वपूर्ण पक्षी क्षेत्र (IBA) है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/ हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

58. 'डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (WDFC) के अधिकांश हिस्सा विश्व बैंक द्वारा वित्तपोषित है।
2. ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (EDFC) को जापान अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (JICA) द्वारा वित्तपोषित किया जा रहा है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

59. 'कोलार लीफ-नोज़्ड' चमगादड़ के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. यह भारत के लिये स्थानिक है।
2. यह केवल कर्नाटक राज्य में पाया जाता है।
3. इसे वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत लुप्तप्राय का दर्जा दिया गया है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1 और 3
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 2
d. 1, 2 और 3

60. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रति पुलिस कर्मचारी जनसंख्या संयुक्त राष्ट्र द्वारा अधिदिष्ट पुलिस-जनसंख्या अनुपात के बराबर है।
2. पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो, गृह मंत्रालय के अधीन है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

61. तिहान फाउंडेशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह मानव रहित एवं स्वायत्त वाहनों से संबंधित विभिन्न चुनौतियों के तत्काल समाधान पर ज़ोर देता है।
2. यह राष्ट्रीय अंतर-विषयी साइबर-फिज़िकल सिस्टम (NM-ICPS) मिशन के तहत वित्त पोषित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

62. यमुना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यमुना का उद्गम निम्न हिमालय से होता है।
2. सहायक नदियाँ चंबल, टोंस और बेतवा इसके दाहिने किनारे पर मिलती हैं।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न ही 2

63. 'डिजिटल इंडिया अवार्ड्स 2020' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस पुरस्कार का गठन वर्ष 2014 में किया गया था।
2. वर्ष 2020 में 'इनोवेशन इन पैंडेमिक अवार्ड' शुरू किया गया था।
3. इस पुरस्कार के तहत सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) की उपलब्धि हेतु राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सम्मानित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 1 और 2

c. केवल 2 और 3

d. 1, 2 और 3

64. पर्यावरण संवेदी क्षेत्र (ESZ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभयारण्यों के आस-पास 100 किलोमीटर के भीतर का क्षेत्र होता है।
2. इसे पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत अधिसूचित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 और न ही 2

65. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पराग्वे दक्षिण अमेरिका के दक्षिण-मध्य में स्थित एक लैंडलॉक देश है।
2. पैराग्वे मर्कोसुर का सदस्य है।
3. भारत ने मर्कोसुर के साथ मुक्त व्यापार समझौता किया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2 और 3

c. केवल 1 और 2

d. 1, 2 और 3

नोट :

व्याख्या

1. (a)

व्याख्या:

- हाल ही में **हिमालय के ठंडे रेगिस्तानी क्षेत्र** (स्पीति, हिमाचल प्रदेश) में पहली बार हिमालयन सीरो (Himalayan Serow) को देखा गया है
  - हिमालयन सीरो **बकरी, गधा, गाय तथा एक सुअर** के समान दिखता है।
  - यह बड़े सिर, मोटी गर्दन, छोटे अंग, खच्चर जैसे कान और काले बालों वाला एक मध्यम आकार का स्तनपायी है।
  - सीरो की कई प्रजातियाँ हैं और ये सभी एशिया में पाए जाती हैं।
  - हिमालयन सीरो या **कैपरीकोर्निस सुमात्रेंसिस** थार **(Capricornis Sumatraensis Thar)** हिमालयी क्षेत्र तक ही सीमित है।
  - हिमालयन सीरो **शाकाहारी** होते हैं।
- **भौगोलिक स्थिति:**
  - ये आमतौर पर **2,000 मीटर से 4,000 मीटर तक की ऊँचाई पर** पाए जाते हैं। ये **पूर्वी, मध्य और पश्चिमी हिमालय** में पाए जाते हैं, परंतु ट्राँस हिमालयन क्षेत्र में नहीं पाए जाते।
    - ट्राँस हिमालय पर्वत क्षेत्र या तिब्बत हिमालय क्षेत्र **ग्रेट हिमालय के उत्तर में** स्थित है जिसमें **काराकोरम, लद्दाख, जास्कर और कैलाश पर्वत शृंखलाएँ** शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **संरक्षण स्थिति:**
  - **IUCN रेड लिस्ट:** सुभेद्य (Vulnerable)। **अत: कथन 2 सही है।**
  - **साईट्स (CITES):** परिशिष्ट-1
  - **वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972:** अनुसूची-1

2. (a)

व्याख्या:

- **एकीकृत आवास मूल्यांकन के लिये ग्रीन रेटिंग (गृह):**
  - यह किसी भी संपूर्ण भवन निर्माण के लिये भारत की राष्ट्रीय रेटिंग प्रणाली है।
    - गृह (GRIHA) को भारत द्वारा जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) में प्रस्तुत राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित स्वैच्छिक योगदान (INDC) में भारत की स्वयं की ग्रीन बिल्डिंग रेटिंग प्रणाली के रूप में मान्यता प्रदान की गई है।
  - **परिकल्पना एवं विकास:** इसकी परिकल्पना ऊर्जा और संसाधन संस्थान (The Energy and Resources Institute-TERI) द्वारा की गई थी तथा इसे नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के साथ संयुक्त रूप से विकसित किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- **ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चैलेंज (GHTC)**
  - **आयोजनकर्त्ता:** आवास और शहरी मामलों का मंत्रालय। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - **शुरुआत:** जनवरी 2019
  - **उद्देश्य:** आवास निर्माण के क्षेत्र को बदलते प्रतिमानों के अनुसार सक्षम बनाने हेतु सर्वोत्तम उपलब्ध और सिद्ध निर्माण तकनीकों जो कि टिकाऊ, हरित एवं आपदा-रोधी हों, की पहचान करना तथा उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना।

नोट :

3. (a)

व्याख्या

- राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG) राष्ट्रीय गंगा नदी घाटी प्राधिकरण (National Ganga River Basin Authority) की एक क्रियान्वयन इकाई है।
  - उल्लेखनीय है कि वर्ष 2016 में स्थापित राष्ट्रीय गंगा परिषद (National Ganga Council) ने राष्ट्रीय गंगा नदी घाटी प्राधिकरण को प्रतिस्थापित किया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- NMCG की स्थापना **वर्ष 2011** में एक **पंजीकृत सोसाइटी** के रूप में की गई थी। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इसकी दो स्तरीय प्रबंधन संरचना है, जिसमें शासी परिषद और कार्यकारी समिति शामिल है।
- **NMCG के उद्देश्य**
  - व्यापक नियोजन और प्रबंधन के लिये अंतर-क्षेत्रीय समन्वय को बढ़ावा देने हेतु एक नदी बेसिन दृष्टिकोण अपनाना ताकि गंगा नदी में प्रदूषण नियंत्रण के साथ-साथ उसका संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।
  - जल की गुणवत्ता और पर्यावरण की दृष्टि से सतत् विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गंगा नदी में न्यूनतम पारिस्थितिक प्रवाह बनाए रखना।

4. (a)

व्याख्या:

- NFHS एक बड़े पैमाने पर किया जाने वाला बहु-स्तरीय सर्वेक्षण है जो पूरे भारत में परिवारों के प्रतिनिधि नमूने में किया जाता है।
  - इस सर्वेक्षण के चरण- I में 22 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के आँकड़े जारी किये गए हैं और शेष 14 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में सर्वेक्षण (चरण- II) का कार्य अभी जारी है।
- सभी राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षणों को भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के नेतृत्त्व में आयोजित किया गया है तथा NFHS के लिये मुंबई स्थित 'अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान' नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- सिक्किम में सबसे कम TFR दर्ज किया गया है, जिसमें प्रति महिला औसतन 1.1 TFR दर्ज किया गया साथ ही बिहार में प्रति महिला औसत TFR 3 दर्ज किया गया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

5. (d)

व्याख्या:

- वर्ष 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की विजय की स्मृति में प्रतिवर्ष 16 दिसंबर को विजय दिवस (Vijay Diwas) मनाया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत सरकार ने 3 दिसंबर, 1971 को बंगाली मुसलमानों और हिंदुओं की रक्षा के लिये पाकिस्तान के साथ युद्ध लड़ने का निर्णय लिया।
  - यह युद्ध भारत और पाकिस्तान के मध्य 13 दिनों तक लड़ा गया था।
- 16 दिसंबर, 1971 को पाकिस्तानी सेना के प्रमुख ने 93,000 सैनिकों के साथ ढाका में भारतीय सेना, जिसमें मुक्ति वाहिनी भी शामिल थी, के सामने बिना शर्त आत्मसमर्पण कर दिया था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - मुक्ति वाहिनी उन सशस्त्र संगठनों को संदर्भित करती है जो बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के दौरान पाकिस्तान सेना के विरुद्ध लड़े थे। यह एक गुरिल्ला प्रतिरोध आंदोलन था।

नोट :

6. (d)

व्याख्या:

- वर्ष 1997 में स्थापित QCI भारतीय उद्योग के साथ साझेदारी में संगठनों की स्थापना हेतु भारत सरकार का एक अग्रणी प्रयोग है।
  - भारत सरकार ने भारतीय गुणवत्ता परिषद की स्थापना एक स्वायत्त निकाय के तौर पर की थी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - भारतीय उद्योग की QCI में तीन प्रमुख उद्योग संघों अर्थात् एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (ASSOCHAM), भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) और फिक्की (FICCI) को दर्शाया गया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इस संगठन की स्थापना के अनुरूप प्रत्यायन निकायों के लिये राष्ट्रीय प्रत्यायन ढाँचे की स्थापना एवं उनके संचालन के अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य तथा गुणवत्ता संवर्द्धन के क्षेत्र में प्रत्यायन उपलब्ध कराने व्यवस्था की गई थी।
- प्रत्यायन ढाँचे के तौर पर भूमिका अदा करने के अलावा यह **'राष्ट्रीय प्रमाणन निकाय प्रत्यायन बोर्ड'** (National Accreditation Board for Certification Bodies- NABCB) द्वारा उपलब्ध कराई गई प्रत्यायन सेवाओं के ज़रिये गुणवत्ता प्रबंधन प्रणालियों (ISO 14001 शृंखला), **खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली** (ISO 22000 शृंखला) तथा उत्पाद प्रमाणन एवं निरीक्षण निकायों के संबंध में गुणवत्ता मानकों को अपनाने के लिये भी प्रोत्साहित करता है।

7. (a)

व्याख्या:

- दिल्ली में चल रहे विरोध प्रदर्शन के बीच खासतौर पर पंजाब में धान-गेहूँ की खेती की संवहनीयता पर प्रश्न उठाए जा रहे हैं। इसके निम्नलिखित कारण हैं:
- **पंजाब में एकल कृषि:**
  - एकल कृषि एक विशेष कृषि पद्धति है, जो कि एक विशिष्ट भूमि अथवा खेत पर एक समय में केवल एक ही प्रकार की फसल उगाने के विचार पर आधारित है।
  - वर्ष 2018-19 में पंजाब का सकल कृषि क्षेत्र तकरीबन 78.30 लाख हेक्टेयर था, जिसमें से तकरीबन 35.20 लाख हेक्टेयर क्षेत्र गेहूँ के लिये और तकरीबन 31.03 लाख हेक्टेयर क्षेत्र धान के लिये प्रयोग किया गया, जो कि कुल कृषि क्षेत्र का लगभग 84.6 प्रतिशत था।
- **एकल कृषि की समस्या:**
  - एक ही भूमि अथवा खेत में वर्ष-दर-वर्ष एक ही प्रकार की फसल उगाने से कीट और रोगों के हमलों की संभावना बढ़ जाती है, वहीं फसल और आनुवंशिक विविधता जितनी अधिक होती है, कीटों और रोगजनकों के लिये फसल को नुकसान पहुँचाना उतना ही मुश्किल होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - गेहूँ एवं धान के पौधे अन्य फसलों [जैसे दाल एवं फलीदार (legumes) फसलें] के समान नाइट्रोजन स्थिरीकरण की प्रकिया में सक्षम नहीं होते हैं।
    - अत: फसल विविधता के बिना निरंतर गेहूँ एवं धान की खेती करने से मिट्टी में पोषक तत्त्वों की कमी हो जाती है, जिससे किसानों को रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों पर निर्भर होना पड़ता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **धान की खेती के लिये भारी मात्रा में पानी की आवश्यकता होती है।**
  - किसान आमतौर पर पाँच बार गेहूँ की सिंचाई करते हैं, जबकि धान के लिये 30 या उससे भी अधिक बार सिंचाई की आवश्यकता होती है।
  - धान की खेती और सिंचाई के लिये मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने संबंधी राज्य सरकार की नीति के कारण पंजाब के भूजल स्तर में प्रतिवर्ष औसतन 0.5 मीटर की गिरावट दर्ज हो रही है।
  - सरकार की इस नीति ने राज्य के किसानों को धान की लंबी अवधि की किस्मों जैसे- पूसा-44 की उपज के लिये प्रेरित किया है।
  - पूसा-44 धान की उपज काफी अधिक होती है, किंतु इसकी अवधि काफी लंबी होती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

8. (c)

व्याख्या:

- संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) द्वारा जारी मानव विकास रिपोर्ट (Humen Develpment Report- HDR) 2020 के अनुसार, मानव विकास सूचकांक ((Humen Develpment Index- HDI) में भारत 131वें स्थान पर है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष भारत इस सूचकांक में 129वें स्थान पर था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - HDR 2020 रिपोर्ट में पृथ्वी पर दबाव-समायोजित मानव विकास सूचकांक (Planetary Pressures-adjusted Human Development Index- PHDI) को पेश किया गया है, जो देश के प्रति व्यक्ति कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन तथा सामग्री के पदचिह्न द्वारा मानक मानव विकास सूचकांक (HDI) को समायोजित करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **लैंगिक असमानता सूचकांक:**
  - यह तीन आयामों में महिलाओं और पुरुषों के बीच उपलब्धियों में असमानता को दर्शाने वाली एक समग्र माप है:
    - प्रजनन स्वास्थ्य
    - सशक्तीकरण तथा
    - श्रम बाज़ार

  अत: कथन 3 सही है।
  - GII में भारत 123 वें स्थान पर है। पिछले वर्ष यह 162 देशों में 122 वें स्थान पर था।

9. (a)

व्याख्या:

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद-19 के तहत भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी दी गई है।
  - प्रेस की स्वतंत्रता को भारतीय कानूनी प्रणाली द्वारा स्पष्ट रूप से संरक्षित नहीं किया गया है, परंतु यह संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ए) के तहत संरक्षित (उपलक्षित रूप में) है, जिसमें कहा गया है - "सभी नागरिकों को अभिव्यक्ति और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार होगा"। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह एक नियामकीय संस्था है जिसे 'भारतीय प्रेस परिषद अधिनियम 1978' के तहत स्थापित किया गया है।
  - इसका उद्देश्य प्रेस की स्वतंत्रता को बनाए रखना और भारत में समाचार पत्रों तथा समाचार एजेंसियों के मानकों को बनाए रखना और इसमें सुधार करना है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- विश्व के 180 देशों में मीडिया के लिये उपलब्ध स्वतंत्रता के स्तर का मूल्यांकन करने हेतु पेरिस स्थित 'रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' (RWB) वार्षिक रूप से 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक' (WPFI) प्रकाशित करता है, जो सरकारों और अधिकारियों को स्वतंत्रता के खिलाफ उनकी नीतियों और प्रेस की स्वतंत्रता के बारे में जागरूक बनाता है।
  - भारत वर्ष 2020 में 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक' में दो पायदान नीचे गिरकर 180 देशों में 142वें स्थान पर पहुँच गया। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

10. (c)

व्याख्या:

विशेषाधिकार प्रस्ताव:

- इसका संबंध एक मंत्री द्वारा संसदीय विशेषाधिकारों के उल्लंघन से है।
- **विशेषाधिकार का उल्लंघन:**
  - संसदीय विशेषाधिकार संसद के प्रत्येक सदन तथा उसकी समितियों को सामूहिक रूप से तथा प्रत्येक सदन के सदस्यों को व्यक्तिगत रूप से प्राप्त हैं ताकि वे अपने कार्यों का निर्वहन प्रभावी ढंग से कर सकें। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- जब इनमें से किसी भी अधिकार की अवहेलना की जाती है, तो इसे विशेषाधिकार का उल्लंघन माना जाता है तथा यह संसद के कानून के तहत दंडनीय है।
- विशेषाधिकार के उल्लंघन के लिये दोषी पाए जाने पर किसी भी सदन के किसी भी सदस्य द्वारा प्रस्ताव के रूप में एक नोटिस दिया जाता है।

- **अध्यक्ष की भूमिका:**
  - विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव की जाँच प्रथम स्तर पर लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति द्वारा की जाती है।
  - अध्यक्ष/सभापति स्वयं विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव पर निर्णय ले सकते हैं या इसे संसद की विशेषाधिकार समिति को संदर्भित कर सकते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

11. (a)

व्याख्या:

- आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने उत्तर-पूर्वी क्षेत्रीय विद्युत व्यवस्था सुधार परियोजना (NERPSIP) के लिये 6,700 करोड़ रुपए के संशोधित लागत अनुमान (RCE) को मंज़ूरी दे दी है।
- यह अंतर्राज्यीय ट्रांसमिशन और वितरण प्रणाली को मज़बूत करने तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र का आर्थिक विकास सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।
- इस परियोजना को दिसंबर 2014 में विद्युत मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्रक योजना के रूप में मंज़ूरी प्रदान की गई थी। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इस परियोजना का वित्तपोषण भारत सरकार द्वारा विश्व बैंक की सहायता से किया जाएगा। भारत सरकार ने इस परियोजना को 50:50 प्रतिशत वहनीयता (50 प्रतिशत विश्व बैंक : 50 प्रतिशत भारत सरकार) के आधार पर शुरू करने की योजना बनाई है, किंतु इसमें क्षमता निर्माण पर होने वाला 89 करोड़ रुपए का खर्च पूरी तरह भारत सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। **अत: कथन 1 सही है।**

12. (b)

व्याख्या:

हाल ही में भारत सरकार ने ग्रामीण विकास और बुनियादी ढाँचे को बढ़ावा देने के लिये **न्यू डेवलपमेंट बैंक** (New Development Bank- **NDB**) के साथ **1 बिलियन अमेरिकी डॉलर** के ऋण समझौते की घोषणा की है।

न्यू डेवलपमेंट बैंक (New Development Bank- NDB):

- यह BRICS देशों द्वारा संचालित एक बहुपक्षीय विकास बैंक है।
  - BRICS विश्व की पाँच अग्रणी उभरती अर्थव्यवस्थाओं- ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के समूह के लिये एक संक्षिप्त शब्द (Abbreviation) है।
- वर्ष 2013 में दक्षिण अफ्रीका के डरबन में आयोजित BRICS शिखर सम्मेलन में 'न्यू डेवलपमेंट बैंक' की स्थापना पर सहमति व्यक्त की गई थी तथा वर्ष 2014 में ब्राज़ील के फोर्टालेज़ा में छठे BRICS शिखर सम्मेलन (6th BRICS Summit at Fortaleza) में इसकी स्थापना की गई थी।
- NDB की प्रारंभिक अधिकृत पूंजी 100 बिलियन डॉलर थी।
- NDB का मुख्यालय शंघाई, चीन में है।
- वर्ष 2018 में, NDB ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में पर्यवेक्षक का दर्जा प्राप्त किया। **अत: कथन 2 सही है।**

संगठनात्मक संरचना:

- NDB के वर्तमान संगठनात्मक ढाँचे में 1 अध्यक्ष, 4 उपाध्यक्ष तथा अन्य कुछ कार्यकारी सदस्य शामिल हैं। अध्यक्ष का कार्यकाल पाँच वर्ष का होता है।

नोट :

NDB में मताधिकार प्रणाली:

- विश्व बैंक में जहाँ पूंजी शेयर के आधार पर देशों को मताधिकार प्राप्त होता है, के विपरीत 'न्यू डेवलपमेंट बैंक' में प्रत्येक भागीदार देश को वर्तमान में समान मताधिकार प्राप्त है तथा किसी भी देश के पास वीटो पावर नहीं है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

13. (a)

व्याख्या:

- **संसद के सत्र (Parliament Sessions):**
  - संसद के सत्र के संबंध में **संविधान के अनुच्छेद 85 में** प्रावधान किया गया है।
  - संसद के **किसी सत्र को बुलाने की शक्ति** सरकार के पास है। इस पर निर्णय संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति द्वारा लिया जाता है जिसे राष्ट्रपति द्वारा औपचारिक रूप दिया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - भारत में कोई **निश्चित संसदीय कैलेंडर** नहीं है। संसद के एक वर्ष में तीन सत्र होते हैं। (संविधान में प्रदत्त नहीं)। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
    - सबसे लंबा, बजट सत्र (पहला सत्र) **जनवरी के अंत में शुरू होता है और अप्रैल के अंत या मई के पहले सप्ताह तक समाप्त** हो जाता है। इस सत्र में एक **अवकाश** होता है ताकि संसदीय समितियाँ **बजटीय प्रस्तावों** पर चर्चा कर सकें।
    - दूसरा सत्र **तीन सप्ताह का मानसून सत्र** है, जो आमतौर पर **जुलाई माह में शुरू होता है और अगस्त में खत्म** होता है।
    - शीतकालीन सत्र यानी तीसरे सत्र का आयोजन **नवंबर से दिसंबर** तक किया जाता है।

14. (b)

व्याख्या:

- **संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम** (**United Nations Environment Programme**- UNEP) द्वारा घोषित प्रतिष्ठित **"यंग चैंपियंस ऑफ द अर्थ"** (Young Champions of The Earth) के सात विजेताओं में एक 29 वर्षीय भारतीय उद्यमी भी शामिल है। यह पुरस्कार नए विचारों और नवोन्मेषी कदमों के माध्यम से पर्यावरण से जुड़ी चुनौतियों के समाधान की दिशा में काम करने वालों को दिया जाता है।
- **यंग चैंपियंस ऑफ द अर्थ** की शुरुआत वर्ष 2017 **में की गई थी, इसका उद्देश्य 18 से 30 वर्ष की** आयु के ऐसे व्यक्तियों को प्रोत्साहित करना है, जिनमें सकारात्मक पर्यावरणीय प्रभाव पैदा करने की क्षमता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (United Nations Environment Programme- UNEP):

- यह संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी है। इसकी स्थापना 1972 में मानव पर्यावरण पर स्टॉकहोम में आयोजित संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के दौरान हुई थी।
- इसका मुख्यालय नैरोबी (केन्या) में है। इस संगठन का उद्देश्य मानव द्वारा पर्यावरण को प्रभावित करने वाले सभी मामलों में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ाना तथा पर्यावरण संबंधी जानकारी का संग्रहण, मूल्यांकन एवं पारस्परिक सहयोग सुनिश्चित करना है।
- UNEP पर्यावरण संबंधी समस्याओं के तकनीकी एवं सामान्य निदान हेतु एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- UNEP अन्य संयुक्त राष्ट्र निकायों के साथ सहयोग करते हुए सैकड़ों परियोजनाओं पर सफलतापूर्वक कार्य कर चुका है।
- **प्रमुख रिपोर्ट:** उत्सर्जन गैप रिपोर्ट, वैश्विक पर्यावरण आउटलुक, फ्रंटियर्स, इन्वेस्ट इनटू हेल्थी प्लानेट। **अत: कथन 3 सही है।**
- **प्रमुख अभियान:** बीट पोल्यूशन, UN75, विश्व पर्यावरण दिवस, वाइल्ड फॉर लाईफ।

15. (b)

व्याख्या:

- राष्ट्रीय जल विज्ञान परियोजना की शुरुआत वर्ष 2016 में एक **केंद्रीय क्षेत्रक योजना** के रूप की गई थी, इसके तहत अखिल भारतीय स्तर पर कार्यान्वयन एजेंसियों के लिये 100% अनुदान का प्रावधान किया गया है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- **लक्ष्य:**
  - जल संसाधन जानकारी की सीमा, विश्वसनीयता और पहुँच में सुधार करने हेतु।
  - भारत में लक्षित जल संसाधन प्रबंधन संस्थानों की क्षमता को मज़बूत करना।
  - विश्वसनीय सूचना के अधिग्रहण को प्रभावी रूप से सुगम बनाना जो एक कुशल जल संसाधन विकास और प्रबंधन का मार्ग प्रशस्त करेगा।
- यह केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय की एक पहल है तथा इसे विश्व बैंक (World Bank) द्वारा भी समर्थन प्राप्त है। **अत: कथन 2 सही है।**

16. (b)

व्याख्या:

हरित ईंधन

- हरित ईंधन (Green Fuel) को जैव ईंधन (Biofuel) के रूप में भी जाना जाता है जो पौधों और जानवरों के द्रव्य से प्राप्त एक प्रकार का स्वच्छ (Distilled) ईंधन है। यह व्यापक रूप से उपयोग किये जाने वाले **जीवाश्म ईंधन की तुलना में पर्यावरण अनुकूल** है। कुछ जैव ईंधन हैं:
  - **बायो-इथेनॉल:**
    - इसको किण्वन प्रक्रिया का उपयोग करके मक्के और गन्ने से बनाया जाता है।
    - एक लीटर पेट्रोल की तुलना में एक लीटर इथेनॉल में लगभग दो- तिहाई ऊर्जा होती है।
  - **बायो-ब्यूटेनॉल**
    - इसको भी बायोएथेनॉल की तरह **स्टार्च के किण्वन** से तैयार किया जाता है।
    - अन्य गैसोलीन विकल्पों में से ब्यूटेनॉल (Butanol) से ऊर्जा की प्राप्ति सबसे अधिक होती है। उत्सर्जन कम करने के लिये इसको डीज़ल के साथ मिलाया जा सकता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - **बायो-हाइड्रोजन**
    - जैव हाइड्रोजन, बायोगैस की तरह होता है। इसका उत्पादन विभिन्न प्रक्रियाओं जैसे- पायरोलिसिस, गैसीकरण या जैविक किण्वन का उपयोग कर किया जा सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
    - यह जीवाश्म ईंधन के लिये सही विकल्प हो सकता है।
- हाल ही में भारत सरकार ने **इथेनॉल जैसे हरित ईंधन को बढ़ावा देने के लिये E20 ईंधन** को अपनाने के विषय में सार्वजनिक सुझाव आमंत्रित किये हैं।
- **संरचना:** E20 ईंधन, गैसोलीन और इथेनॉल (20%) का मिश्रण होता है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - वर्तमान में इथेनॉल सम्मिश्रण का मान्य स्तर 10% है, यद्यपि भारत वर्ष 2019 में केवल 5.6% तक के स्तर पर ही पहुँच पाया।

17. (b)

व्याख्या:

- एक GTO अत्यधिक अंडाकार होता है। इसका भू-समीपक (पृथ्वी का निकटतम) बिंदु आमतौर पर पृथ्वी की निचली कक्षा (LEO) के बराबर होता है, जबकि इसका चरम बिंदु (Apogee) या पृथ्वी से सबसे दूर का बिंदु भू-स्थिर कक्षा के बराबर ऊँचाई पर भू-समकालिक कक्षा के बराबर होता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- पृथ्वी की भू-समकालिक (और भूस्थिर) कक्षाओं को प्राप्त करने के लिये एक अंतरिक्षयान को पहले भू-समकालिक स्थानांतरण कक्षा प्रक्षेपित किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

18. (a)

व्याख्या:

- क्रिप्टो-करेंसी का आशय एक विशिष्ट प्रकार की डिजिटल मुद्रा से है, जो कि विकेंद्रीकृत होती है और इसे क्रिप्टोग्राफिक एन्क्रिप्शन तकनीक के माध्यम से संरक्षित किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - बिटकॉइन, एथरियम और रिपल आदि क्रिप्टो-करेंसी के कुछ प्रमुख उदाहरण हैं।
- बिटकॉइन एक प्रकार की डिजिटल मुद्रा या क्रिप्टो-करेंसी है, जो तत्काल भुगतान को सक्षम बनाती है। बिटकॉइन को वर्ष 2009 में प्रस्तुत किया गया था।
- यह एक ओपन-सोर्स प्रोटोकॉल पर आधारित है और इसे किसी भी केंद्रीय प्राधिकरण द्वारा जारी नहीं किया जाता है।
- मूलत: बिटकॉइन का उद्देश्य 'फिएट' करेंसी का एक विकल्प और किसी वित्तीय लेन-देन में शामिल दो पक्षों के बीच सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत विनिमय का प्रत्यक्ष माध्यम प्रदान करना था।
  - 'फिएट' करेंसी किसी देश की सरकार या केंद्रीय बैंक द्वारा जारी मुद्रा है जो कमोडिटी द्वारा समर्थित नहीं होती है। अधिकांश आधुनिक कागज़ी मुद्राएँ जैसे कि अमेरिकी डॉलर और भारतीय रुपया आदि फिएट' करेंसी के उदाहरण हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- अप्रैल 2018 में भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने सभी वित्तीय संस्थाओं को किसी भी प्रकार की क्रिप्टो-करेंसी में लेन-देन न करने और इससे संबंधित लेन-देन को सुविधा न प्रदान करने का निर्देश दिया था।
  - हालाँकि सर्वोच्च न्यायालय ने क्रिप्टो-करेंसी पर रिज़र्व बैंक द्वारा लागू किये गए प्रतिबंध को समाप्त कर दिया था।
  - सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा था कि क्रिप्टोकरेंसी प्रकृति में एक 'वस्तु/कमोडिटी' है और इसलिये इसे प्रतिबंधित नहीं किया जा सकता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

19. (a)

व्याख्या:

- हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय (SC) ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय (HC) के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें राज्य में संवैधानिक तंत्र की विफलता की जाँच करने का इरादा व्यक्त किया गया था, जो कि संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति शासन लागू करने हेतु आवश्यक है।
- केंद्रीय मंत्रिपरिषद (कार्यपालिका) की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा संविधान के अनुच्छेद 356 के माध्यम से राष्ट्रपति शासन लगाया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - राष्ट्रपति शासन तब लागू किया जाता है, जब राष्ट्रपति, राज्य के राज्यपाल की रिपोर्ट प्राप्त करने पर इस बात से सहमत हो कि राज्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है, जहाँ राज्य का प्रशासन संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार नहीं चलाया जा रहा है।
- **संसदीय स्वीकृति और अवधि:**
  - राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद **दो महीने की अवधि के भीतर** इसके लिये संसद के दोनों सदनों से मंज़ूरी लेना आवश्यक होता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - यह मंज़ूरी दोनों सदनों में साधारण बहुमत यानी सदन में उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के बहुमत से प्राप्त की जा सकती है।
  - प्रारंभ में राष्ट्रपति शासन केवल छह महीने के लिये वैध होता है और इसे संसद की मंज़ूरी (प्रत्येक छह माह पर) से अधिकतम तीन वर्ष के लिये बढ़ावा जा सकता है।

20. (c)

व्याख्या:

- भारतीय संविधान में **"अल्पसंख्यक"** शब्द को **परिभाषित नहीं किया गया है।** हालाँकि संविधान धार्मिक और भाषायी अल्पसंख्यकों को मान्यता देता है।

नोट :

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 29, 30, 350A तथा 350B में 'अल्पसंख्यक' शब्द का प्रयोग किया गया है लेकिन इसकी परिभाषा कहीं नहीं दी गई है। **अत: कथन 1 सही है।**
- अल्पसंख्यक आयोग एक सांविधिक निकाय है, जिसकी स्थापना राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 के तहत की गई थी।
- यह निकाय भारत के अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों और हितों की रक्षा हेतु अपील के लिये एक मंच के रूप में कार्य करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- सरकार द्वारा **राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम**, 1992 की धारा 2 (c) में अल्पसंख्यक को "केंद्र अधिसूचित समुदाय" के रूप में परिभाषित किया गया है।
  - भारत में यह **मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, पारसी (Zoroastrian)** और जैन धर्म पर लागू होता है।
  - वर्ष 1993 में, पहला वैधानिक राष्ट्रीय आयोग स्थापित किया गया था और पांच धार्मिक समुदायों मुसलमानों, ईसाई, सिख, बौद्ध और पारसी (Zoroastrians) को अल्पसंख्यक समुदायों के रूप में अधिसूचित किया था।
  - वर्ष 2014 में, जैन समुदाय को भी अल्पसंख्यक समुदाय के रूप में अधिसूचित किया गया था। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

21. (d)

व्याख्या:

- महानदी प्रणाली ओडिशा राज्य की सबसे बड़ी नदी और प्रायद्वीपीय भारत की तीसरी सबसे बड़ी नदी (गोदावरी और कृष्णा नदी के बाद) है।
  - इसका उद्गम अमरकंटक के दक्षिण में छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर की पहाड़ियों में सिहावा के निकट से होता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- महानदी का जलग्रहण क्षेत्र छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, महाराष्ट्र तथा मध्यप्रदेश में विस्तारित है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

22. (c)

व्याख्या:

- मालदीव, म्याँमार और बांग्लादेश में तटीय राडार स्टेशन स्थापित करने के भारत के प्रयास तकरीबन अंतिम चरण में पहुँच गए हैं। यह रडार शृंखला जो कि भारत, श्रीलंका, मॉरीशस और सेशेल्स में मौजूद समान प्रणालियों के साथ जुड़ेगी, हिंद महासागर क्षेत्र में जहाज़ों की आवाजाही की लाइव फीड प्रदान करेगी और इसका उपयोग संबंधित देशों की नौ सेनाओं द्वारा किया जा सकेगा।
- हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) के लिये सूचना संलयन केंद्र (IFC) को गुरुग्राम में नौसेना के सूचना प्रबंधन एवं विश्लेषण केंद्र (IMAC) में स्थापित किया गया है, जिसे भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल द्वारा संयुक्त रूप से शासित किया जाता है।
- सूचना संलयन केंद्र-हिंद महासागर क्षेत्र (IFC-IOR) केवल व्हाइट शिपिंग सूचना विनिमय समझौता (व्हाइट शिपिंग का अर्थ गैर-सैन्य वाणिज्यिक जहाज़ों की पहचान और आवाजाही के बारे में अग्रिम सूचनाओं को साझा करना) करने वाले देशों को ही अपनी सेवाएँ प्रदान करेगा। **अत: कथन 1 सही है।**
- हाल ही में भारत ने ट्रांस-रीजनल मैरीटाइम नेटवर्क समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
  - इस बहुपक्षित समझौते में 30 देश शामिल हैं तथा इस नेटवर्क का संचालन इटली (Italy) द्वारा किया जाता है।
  - यह समझौता समुद्रों में होने वाली वाणिज्यिक यातायात संबंधी गतिविधियों के बारे में सूचनाओं के विनिमय की सुविधा प्रदान करता है।

23. (d)

व्याख्या:

- युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय (Ministry of Youth Affairs and Sports) ने हरियाणा में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स- 2021 (Khelo India Youth Games 2021) में चार स्वदेशी खेलों- **गतका, कलारीपयट्टू, थांग-ता और मलखम्ब** को शामिल करने को मंज़ूरी दी है। अत: विकल्प (d) सही है।

नोट :

- **थांग-ता (Thang-Ta):**
  - **हुयेन लैंग्लोन** मणिपुर की एक भारतीय मार्शल कला है।
  - **मेइती भाषा में, हुयेन का अर्थ युद्ध होता है** जबकि **लैंग्लोन या लैंगलोंग का मतलब शुद्ध, ज्ञान या कला हो सकता है।**
  - **हुयेन लैंग्लोन में दो मुख्य घटक होते हैं:**
    - **थांग ता** (सशस्त्र लड़ना)।
    - **सरित सरक** (निहत्थे लड़ना)।
  - **हुयेन लैंग्लोन** के प्राथमिक हथियार **थंग** (तलवार) और **ता** (भाला) हैं। अन्य हथियारों में ढाल और कुल्हाड़ी शामिल हैं।
- **कलारिपयट्टू (Kalaripayattu):**
  - **कलारिपयट्टू** दो शब्दों कलारि और पयट्टू के मेल से बना है जिसका शाब्दिक अर्थ युद्ध की कला का अभ्यास होता है।
  - **कलारिपयट्टू** का उल्लेख संगम साहित्य में भी मिलता है। इसके उत्पत्ति के संबंध में दो मत प्रचलित है कुच्छ लोग इसकी उत्पत्ति का स्थल केरल को मानते हैं जबकि कुछ पूरे दक्षिण भारत को मानते हैं।
  - जिस स्थान पर इस मार्शल आर्ट का अभ्यास किया जाता है, उसे **'कलारी'** कहा जाता है। यह एक मलयालम शब्द है जो एक प्रकार का **व्यायामशाला** है।
    - कलारी का शाब्दिक अर्थ है **'थ्रेसिंग फ्लोर (Threshing Floor) या 'युद्ध का मैदान'।**
- **गतका (Gatka):**
  - यह सिख धर्म से जुड़ा एक पारंपरिक मार्शल आर्ट है।
  - पंजाबी नाम 'गतका' इसमें इस्तेमाल की जाने वाली लकड़ी की छड़ी को संदर्भित करता है।
  - यह युद्ध-प्रशिक्षण का एक पारंपरिक दक्षिण एशियाई रूप है जिसमें तलवारों का उपयोग करने से पहले लकड़ी के डंडे से प्रशिक्षण लिया जाता है।
  - गतका का अभ्यास खेल (खेला) या अनुष्ठान (रश्मि) के रूप में किया जाता है। यह खेल दो लोगों द्वारा लकड़ी की लाठी से खेला जाता है जिन्हें गतका कहा जाता है। इस खेल में लाठी के साथ ढाल का भी प्रयोग किया जाता है।
  - यह पहले गुरुद्वारों, नगर कीर्तन और अखाड़ों तक ही सीमित था, परंतु वर्ष 2008 में **गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया (GFI)** के गठन के बाद इसे **खेल श्रेणी में** शामिल कर लिया गया।

24. (b)

व्याख्या:

- **वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 62** के अनुसार, राज्यों द्वारा केंद्र को वन्यजीवों की एक सूची भेजी जाती है, जिसमें यह अनुरोध किया जाता है कि चयनित पशु को वर्मिन घोषित कर उसके वध की अनुमति दी जाए। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- वन्यजीव कानून में प्रजातियों को **I से V तक अनुसूचियों में विभाजित किया गया है।** अधिनियम की अनुसूची 1 और अनुसूची 2 के दूसरे भाग वन्य जीवों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान करते हैं. इसलिये इसमें कठोरतम सज़ा का प्रावधान है।
- जंगली सूअर, नीलगाय और रीसस मैकाक **अनुसूची II और III के तहत संरक्षित हैं, परंतु विशिष्ट परिस्थितियों में इनका शिकार किया जा सकता** है।
- रीसस मैकाक (Rhesus Macaque) बंदर वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची II के तहत संरक्षित है। यदि यह मानव जीवन या संपत्ति के लिये खतरा होता है, तो कानून एक विशिष्ट अवधि के लिये इसे 'वर्मिन' घोषित करके इसका शिकार करने की अनुमति देता है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

25. (a)

व्याख्या:

- **सामाजिक उद्यमिता** वाणिज्यिक उद्यम के विचार को धर्मार्थ (Charitable) गैर-लाभकारी संगठन के सिद्धांतों के साथ मिश्रित करने वाली अवधारणा है।
- इसमें सामाजिक असमानताओं को दूर करने हेतु कम लागत वाले उत्पादों एवं सेवाओं से जुड़े व्यावसायिक मॉडल के विकास पर ज़ोर दिया जाता है।
- यह अवधारणा आर्थिक पहल को सफल बनाने में मदद करती है और इसके तहत किये जाने वाले सभी निवेश सामाजिक एवं पर्यावरणीय मिशन पर केंद्रित होते हैं।
- सामाजिक उद्यमियों को सामाजिक नवप्रवर्तनकर्त्ता (Social Innovators) भी कहा जाता है। वे परिवर्तनकारी के एजेंट के रूप में कार्य करते हैं और अपने अभिनव विचारों का उपयोग करके महत्त्वपूर्ण परिवर्तन करते हैं। वे समस्याओं की पहचान करते हैं और अपनी योजना के माध्यम से उनका समाधान करते हैं।
- सामाजिक उत्तरदायित्व (Social Responsibility) और ESG (पर्यावरण, सामाजिक और शासन) निवेश के साथ-साथ सामाजिक उद्यमिता की अवधारणा भी तेज़ी से विकसित हो रही है।
- सामाजिक उद्यमिता के उदाहरणों में- गरीब बच्चों के लिये शैक्षिक कार्यक्रम शुरू करना, पिछड़े क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करना और महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों की मदद करना शामिल है।

अत: विकल्प (a) सही है।

26. (c)

व्याख्या:

- हाल ही में **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय** (Ministry of Environment, Forest and Climate Change) द्वारा **'भारत में तेंदुओं की स्थिति 2018'** (Status of leopards in India 2018) नामक रिपोर्ट को जारी किया गया है। इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत में तेंदुओं की आबादी में वर्ष 2014 से अब तक 60% की वृद्धि हुई है।
  - तेंदुओं की अनुमानित आबादी वर्ष 2014 में लगभग 8,000 थी जो बढ़कर 12,852 हो गई है।
- तेंदुओं की सर्वाधिक आबादी मध्य प्रदेश में (3,421) है, इसके बाद क्रमश: कर्नाटक (1,783) और महाराष्ट्र (1,9090) इस संदर्भ में दूसरे एवं तीसरे स्थान पर हैं।
- **क्षेत्र-वार वितरण:**
  - **मध्य भारत** और **पूर्वी घाट** में तेंदुओं की संख्या सर्वाधिक (8071) है।
  - **पश्चिमी घाट** में तेंदुओं की कुल संख्या 3,387 है।
  - **शिवालिक और गंगा के मैदान** में तेंदुओं की कुल संख्या 1,253 है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - पूर्वोत्तर पहाड़ियों में तेंदुओं की कुल संख्या 141 है।
- **संरक्षण की स्थिति:**
  - **IUCN की रेड लिस्ट में तेंदुए को सुभेद्य (Vulnerable) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। अत: कथन 2 सही है।**
  - 'वन्यजीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन' (The Convention of International Trade in Endangered Species of Wild Fauna and Flora- CITES) के अंतर्गत इसे परिशिष्ट-I में शामिल किया गया है।

नोट :

- **CITES का परिशिष्ट I:**
  - इसमें उन प्रजातियों को शामिल किया जाता है जो विलुप्तप्राय हैं तथा जिन्हें व्यापार से और भी अधिक खतरा हो सकता है।
- **भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972** की अनुसूची-I के तहत तेंदुए का शिकार प्रतिबंधित है।
  - अनुसूची-I और अनुसूची-II के तहत भाग-II संकटग्रस्त प्रजातियों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान करते हैं। इन अनुसूचियों के अंतर्गत अपराध पर उच्चतम दंड निर्धारित किया गया है।

27. (c)

व्याख्या:

- 21 दिसंबर 2020 को कश्मीर घाटी के ऊपरी क्षेत्रों में कठोर शीत ऋतु के पारंपरिक **40 दिन की अवधि के 'चिल्ले/चिल्लाई- कलां'** (Chillai kalan) की शुरुआत हो गई है। **अत: विकल्प C सही है।**
- भारत मौसम विज्ञान विभाग (India Meteorological Department- IMD) के अनुसार, **21 दिसंबर से 30 जनवरी की अवधि** को कश्मीर की स्थानीय भाषा में चिल्ले/चिल्लाई- कलां कहा जाता है।
- इन 40 दिनों में बर्फबारी की संभावना सबसे अधिक होती है और तापमान में अधिकतम गिरावट होती है, अर्थात् यह लगभग **शून्य डिग्री के नीचे या उसके आस-पास** आ जाता है।
- इन 40 दिनों के बाद शीत लहर जारी रहती है इसलिये चिल्ले/चिल्लाई- कलां के बाद 20 दिन **चिल्ले/चिल्लाई- खुर्द** (Chillai Khurd) तथा उसके बाद के 10 दिन **चिल्ले/चिल्लाई- बच्चा** (Chillai Baccha) के नाम से जाना जाता है।

28. (d)

व्याख्या:

- हाल ही में **अमेरिका के खाद्य और औषधि प्रशासन** (Food and Drug Administration- FDA) द्वारा **गालसेफ पिग्स** (GalSafe pigs) कहे जाने वाले पालतू सूअरों में **अपनी तरह के पहले इच्छानुरूप जीनोमिक परिवर्तन** (Intentional genomic alteration– IGA) की मज़ूरी दी गई है।
- संभवत: यह **पहली बार** हुआ है जब नियामक ने **भोजन और जैव चिकित्सा दोनों उद्देश्यों के लिये पशु जैव प्रौद्योगिकी उत्पाद को मंज़ूरी दी** है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत में, आनुवंशिक रूप से संशोधित जीव (GMOs) और उसके उत्पादों को पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत अधिसूचित "खतरनाक सूक्ष्मजीवों, आनुवंशिक रूप से संशोधित जीवों या कोशिकाओं के विनिर्माण/उपयोग/आयात/निर्यात और भंडारण के नियम 1989 (नियम, 1989 के रूप में संदर्भित) विनियमित किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **बीटी कपास** (Bacillus Thuringiensis –Bt) आनुवंशिक रूप से संशोधित (GM) एकमात्र फसल है जिसे भारत में अनुमति प्राप्त है। बेसिलस थुरिनजेनेसिस (bacillus thuringiensis –Bt) एक जीवाणु है जो प्राकृतिक रूप से क्रिस्टल प्रोटीन उत्पन्न करता है। यह प्रोटीन कीटों के लिये हानिकारक होता है। **अत: कथन 3 सही है।**

29. (c)

व्याख्या:

सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (Centre for Development of Telematics or C-DOT)

- 'सी-डॉट' की स्थापना अगस्त 1984 में भारत सरकार के दूरसंचार विभाग के तहत एक स्वायत्त दूरसंचार अनुसंधान और विकास केंद्र के रूप में की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत एक पंजीकृत सोसायटी है।
- यह विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (DSIR) के तहत एक पंजीकृत 'सार्वजनिक वित्त पोषित अनुसंधान संस्थान' है।

नोट :

- हाल ही केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दूरसंचार विभाग (DoT) द्वारा सार्वजनिक वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस (Public Wi-Fi Access Network Interface) स्थापित करने हेतु लाए गए एक प्रस्ताव को अपनी मंज़ूरी दी है। सरकार द्वारा वाई-फाई की इस सेवा को 'सार्वजनिक डेटा ऑफिस' (Public Data Offices- PDOs) के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा
- सभी ऐप प्रदाताओं, पीडीओए और पीडीओ के विवरण का रिकॉर्ड रखने के लिये एक केंद्रीय रजिस्ट्री स्थापित की जाएगी। इस रजिस्ट्री की देखरेख सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (C-DoT) द्वारा की जाएगी। **अत: कथन 2 सही है।**

30. (c)

व्याख्या:

- **पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय** (MoES) द्वारा एक ऐसी विशिष्ट प्रारंभिक स्वास्थ्य चेतावनी प्रणाली (Early Health Warning System) विकसित की जा रही है, जिससे देश में किसी भी रोग के प्रकोप की संभावना का अनुमान लगाया जा सकेगा।
  - भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) भी इस विशिष्ट प्रणाली की विकास अध्ययन और प्रक्रिया में शामिल है।
- पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MoES) द्वारा विकसित किया जा रहा मॉडल मौसम में आने वाले परिवर्तन और रोग की घटनाओं के बीच संबंध पर आधारित है।
- ज्ञात हो कि ऐसे कई रोग हैं, जिनमें मौसम की स्थिति अहम भूमिका निभाती है।
  - उदाहरण के लिये मलेरिया, जिसमें विशेष तापमान और वर्षा पैटर्न के माध्यम से इसके प्रकोप के बारे में आसानी से पता लगाया जा सकता है। **अत: विकल्प (c) सही है।**

31. (d)

व्याख्या:

- सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH) ने सितंबर 2015 में 'हरित राजमार्ग नीति' की घोषणा का अनुसरण करते हुए राष्ट्रीय हरित राजमार्ग मिशन (NGHM) की शुरुआत की थी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इस परियोजना का उद्देश्य चयनित राज्यों में सुरक्षित और हरित राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारों का प्रदर्शन करना और हरित एवं सुरक्षित प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH) की क्षमता का विस्तार करना है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - इसे लेकर हरित ऊर्जा गलियारे, के साथ भ्रमित नहीं होना चाहिये, जो कि नवीकरणीय ऊर्जा (ER) क्षमता के निष्क्रमण और एकीकरण के लिये एक व्यापक योजना है।

32. (b)

व्याख्या:

- देश में कोरोना वायरस महामारी के प्रबंधन को लेकर गृह मामलों की संसदीय स्थायी समिति ने हाल ही में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की है।
- भारतीय संविधान में विभिन्न स्थानों पर इन समितियों का उल्लेख तो किया गया है, लेकिन इनकी संरचना, कार्यकाल, कार्यों आदि के बारे में कोई विशेष प्रावधान नहीं किया गया है।
  - आमतौर पर संसदीय समितियाँ दो प्रकार की होती हैं: स्थायी समितियाँ और अस्थायी समितियाँ या तदर्थ समितियाँ
  - ये अनवरत प्रकृति की होती हैं अर्थात् इनका कार्य सामान्यत: निरंतर चलता रहता है।
- प्रत्येक समिति में अधिकतम 31 सदस्य होते हैं, जिसमें से 21 सदस्यों का मनोनयन लोकसभा के स्पीकर द्वारा एवं 10 सदस्यों का मनोनयन राज्यसभा के सभापति द्वारा किया जा सकता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- कोई मंत्री किसी भी स्थायी समिति के सदस्य के रूप में नामित होने के योग्य नहीं होता है। यदि कोई संसद सदस्य, किसी स्थायी समिति में नामांकन के बाद एक मंत्री के तौर पर नियुक्त किया जाता है, तो वह उस संसदीय समिति का सदस्य नहीं रह जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

33. (b)

व्याख्या:

- ज्वालामुखी का संबंध पृथ्वी के अंतर्जात बल से उत्पन्न होने वाले आकस्मिक संचलन से है। इसके अंतर्गत पृथ्वी के आंतरिक परतों में **पेरीडोटाइट** के गलन से मैग्मा की उत्पत्ति होती है।
- जब यही मैग्मा पृथ्वी की आंतरिक परतों को तोड़ते हुए सतह पर आता है तो उसे लावा कहा जाता है। इस क्रिया के अंतर्गत लावा के अतिरिक्त **गैस, राख व तरल पदार्थ** भी पृथ्वी की सतह पर आते हैं।
- इस प्रकार मैग्मा की उत्पत्ति से लेकर उदगार तक की संपूर्ण क्रिया को **ज्वालामुखीयता** (Volcanism) कहा जाता है।
- पृथ्वी की आंतरिक परतों में **रेडियोएक्टिव** तत्त्वों के विघटन के फलस्वरूप अत्यधिक तापमान के कारण संवहन धाराओं की उत्पत्ति होती है जो प्लेटों के संचलन हेतु प्रमुख रूप से उत्तरदायी हैं।
- संवहन धाराओं के प्रभाव से प्लेटों में अपसारी, अभिसारी व समानांतर प्लेट संचलन संपन्न होता है, किंतु **ज्वालामुखीयता** से केवल अपसारी व अभिसारी प्लेट संचलन का ही संबंध है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **किलाऊआ, जिसे माउंट किलाऊआ** (हवाई में "अधिक फैलाने वाला") भी कहा जाता है, संयुक्त राज्य अमेरिका के हवाई द्वीप के दक्षिण-पूर्वी भाग पर **हवाई ज्वालामुखी राष्ट्रीय उद्यान** में स्थित है।
  - किलाऊआ के पश्चिमी और उत्तरी **ढलान** इसके पास के ज्वालामुखी **मौनालोआ** के साथ **विलय** होते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- अंडमान द्वीप समूह में स्थित **बैरन द्वीप भारत का एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी** है। **अत: कथन 3 सही है।**

34. (b)

व्याख्या:

- वर्ष 2000 में जब एक राष्ट्रीय गैस ग्रिड (National Gas Grid- NGG) की अवधारणा की संकल्पना की गई थी, तब से भारत ने 16,000 किमी. से अधिक गैस नेटवर्क का निर्माण किया है। हाल की पहलों में शामिल हैं:
  - प्रधानमंत्री उर्जा गंगा परियोजना: यह उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास करती है।
    - इसके तहत उत्तराखंड शामिल नहीं है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - उत्तर-पूर्व क्षेत्र (NER) गैस ग्रिड: यह असम, सिक्किम, मिज़ोरम, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय से होकर गुज़रेगी। **अत: कथन 2 सही है।**

35. (d)

व्याख्या:

- हाल ही में **संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) ने** भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्रियों को **'लीजन ऑफ मेरिट'** से सम्मानित किया है।
  - ये सभी चार देश **वर्ष 2017** से क्वाड समूह (QUAD Group) को उपयोगी बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण हैं। क्वाड समूह इंडो-पैसिफिक रणनीति का हिस्सा है और इसका उद्देश्य इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभुत्व का मुकाबला करना है।
- **USA के सर्वोच्च सैन्य चिह्नों में से** एक इस पुरस्कार की स्थापना **वर्ष 1942** में पूर्व राष्ट्रपति **फ्रैंकलिन डी रूज़वेल्ट** द्वारा की गई थी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - यह **पुरस्कार** USA के **सशस्त्र बलों के सदस्यों और विदेशी (यानी गैर-USA) सशस्त्र बलों के सदस्यों** के साथ कभी-कभी **राज्य या सरकार के प्रमुखों** को भी प्रदान किया जाता है।

नोट :

- यह पुरस्कार विदेशियों को **निम्नलिखित चार श्रेणियों में** प्रदान किया जाता है: मुख्य कमांडर, कमांडर, अधिकारी और सेनापति।

- पूर्व में यह पुरस्कार **दो भारतीयों** को प्रदान किया गया है: **वर्ष 1950 में फील्ड मार्शल के.एम. करियप्पा और वर्ष 1955 में जनरल एस.एम. श्रीनागेश। अत: कथन 2 सही नहीं है।**

36. (b)

व्याख्या:

- पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) ने वाइल्डलाइफ कंज़र्वेशन सोसाइटी **(Wildlife Conservation Society- WCS)**, भारत के साथ मिलकर 'ग्रेट इंडियन बस्टर्ड' (Great Indian Bustard- GIB) की घनी आबादी वाले स्थानों पर एक अनूठी पहल के माध्यम से उन क्षेत्रों में ओवरहेड बिजली लाइनों पर "फायरफ्लाई बर्ड डायवर्टर" नामक युक्ति का प्रयोग किया है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - "फायरफ्लाई बर्ड डायवर्टर" विद्युत लाइनों पर स्थापित फ्लैप हैं। वे 'ग्रेट इंडियन बस्टर्ड' जैसी पक्षी प्रजातियों के लिये परावर्तक के रूप में काम करते हैं। पक्षी उन्हें लगभग 50 मीटर की दूरी से पहचान सकते हैं और बिजली की लाइनों से टकराव से बचने के लिये अपनी उड़ान का मार्ग बदल सकते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- ग्रेट इंडियन बस्टर्ड्स को **प्रकृति संरक्षण के लिये अंतर्राष्ट्रीय संघ (IUCN)** की लाल सूचि में गंभीर रूप से संकटग्रस्त की श्रेणी में रखा गया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

37. (c)

व्याख्या:

केंद्रीय सूचना आयोग:

- इसकी स्थापना वर्ष 2005 में सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के तहत केंद्र सरकार द्वारा की गई थी। यह कोई संवैधानिक निकाय नहीं है।
  - इसमें मुख्य सूचना आयुक्त (CIC) और केंद्रीय सूचना आयुक्तों की संख्या 10 से अधिक नहीं हो सकती, जो कि आवश्यक समझी जाती है।
  - वे राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिश पर नियुक्त किये जाते हैं, जो लोकसभा में विपक्ष के नेता और प्रधानमंत्री द्वारा नामित केंद्रीय कैबिनेट मंत्री हैं।
  - मुख्य सूचना आयुक्त और एक सूचना आयुक्त, केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित या 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, ऐसे पद के लिये पद धारण करेगा।
  - वे पुनर्नियुक्ति के लिये पात्र नहीं हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- आयोग के पास सम्मन करने, दस्तावेज़ों की आवश्यकता आदि के संबंध में एक दीवानी न्यायालय की शक्तियां होती हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

38. (b)

व्याख्या:

भारत का रजिस्ट्रार जनरल

(Registrar General of India)

- **वर्ष 1951 की जनगणना तक** जनगणना संगठन की स्थापना प्रत्येक जनगणना के लिये **तदर्थ आधार** (Ad-hoc Basis) पर की गई थी।
  - भारत सरकार ने **वर्ष 1949 में महापंजीयक और पदेन जनगणना आयुक्त** के तहत गृह मंत्रालय में एक ऐसे संगठन की स्थापना की जो जनसंख्या के आकार तथा उसके विकास आदि पर आँकड़ों का व्यवस्थित संग्रह विकसित करे। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- बाद में, इस कार्यालय को देश में **जन्म और मृत्यु अधिनियम, 1969** के पंजीकरण के कार्यान्वयन की ज़िम्मेदारी भी सौंपी गई।
- प्राय: एक सिविल सेवक को ही रजिस्ट्रार के पद पर नियुक्त किया जाता है जिसकी रैंक संयुक्त सचिव के पद के समान होती है।

- यह **भारत की जनगणना और भारत के भाषाई सर्वेक्षण** सहित भारत के जनसांख्यिकीय सर्वेक्षण के परिणामों की व्यवस्था, संचालन और विश्लेषण करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - **भारत की जनगणना:** यह देश की जनसंख्या के आकार, वितरण एवं सामाजिक-आर्थिक स्थिति, जनसांख्यिकी तथा अन्य विशेषताओं के बारे में जानकारी प्रदान करता है।
    - भारत में वर्ष 1872 में ब्रिटिश शासन के अंतर्गत **लॉर्ड मेयो के कार्यकाल में पहली बार देशव्यापी जनगणना** कराई गई। वर्ष 1881 में पहली बार जनगणना के लिये अलग विभाग बनाया गया।
    - इसकी ज़िम्मेदारी सेंसस कमिश्नर को सौंपी गई, भारत में यह पद वर्ष 1941 तक रहा।
    - वर्ष 1949 में इस पद का नाम बदलकर रजिस्ट्रार जनरल एंड सेंसस कमिश्नर यानी महापंजीयक और जनगणना आयुक्त कर दिया गया।
    - वर्ष 1949 में भारत सरकार ने इस विभाग को **केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन** कर दिया तब से यह विभाग **प्रत्येक 10 वर्ष पर** जनगणना आयोजित करवाता है।
- **भारत का भाषाई सर्वेक्षण:** भारत के वर्तमान भाषाई सर्वेक्षण का प्राथमिक उद्देश्य एक अद्यतन भाषाई परिदृश्य प्रस्तुत करना है।
  - इसका आयोजन प्रत्येक दस वर्ष के अंतराल पर आयोजित होने वाले जनगणना अभ्यास के साथ ही किया जाता है।
  - भारत का **पहला भाषाई सर्वेक्षण वर्ष 1928 में जॉर्ज अब्राहम ग्रियर्सन द्वारा** प्रकाशित किया गया था।

39. (c)

व्याख्या:

- हाल ही में **राष्ट्रीय जल मिशन** (National Water Mission-NWM), **जल शक्ति मंत्रालय** (Ministry of Jal Shakti) ने **नेहरू युवा केंद्र संगठन** (Nehru Yuva Kendra Sangathan-NYKS), **युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय** (Ministry of Youth Affairs and Sports) के सहयोग से **"कैच द रेन"** (Catch the Rain) नामक **जागरूकता अभियान** की शुरुआत की है। **अत: कथन 1 सही है।**
- सभी स्थितियों के आधार पर जलवायु परिस्थितियों के अनुकूल बारिश के पानी को संग्रहीत करने के लिये **वर्षा जल संचयन संरचना** (Rain Water Harvesting Structures- RWHS) का निर्माण करना।
  - **इसमें शामिल गतिविधियाँ:**
    - वाटर हार्वेस्टिंग हेतु गड्ढे बनाना, छत पर RWHS का निर्माण करना और चैकडैम बनाने के लिये प्रोत्साहित करना।
    - संचयन की भंडारण क्षमता को बढ़ाने के लिये **अतिक्रमणों और टैंकों की सिल्ट को हटाना।**
    - पानी के उन चैनलों में से **अवरोधों को हटाना** जो जलग्रहण क्षेत्रों से पानी की आपूर्ति करते हैं।
    - जल को वापस लाने के लिये पारंपरिक **जल संचयन संरचनाओं जैसे कि, छोटे कुएँ और गहरे बड़े कुओं की मरम्मत करना। अत: कथन 2 सही है।**

40. (a)

व्याख्या:

- **मध्यस्थता का स्थायी न्यायालय (Permanent Court of Arbitration- PCA)** की **स्थापना वर्ष 1899** में की गई थी। इसका **मुख्यालय नीदरलैंड्स के हेग** में स्थित है।
- यह एक **अंतर-सरकारी संगठन** है जो राज्यों के बीच **मध्यस्थता एवं विवाद समाधान हेतु समर्पित** है।
- इसकी संगठनात्मक संरचना तीन-भागों में विभक्त है:

नोट :

- **प्रशासनिक परिषद**- यह स्वयं के नीतियों और बजट के देखरेख हेतु समर्पित है।
- **न्यायालय सदस्य**- यह स्वतंत्र संभावित मध्यस्थों का एक पैनल है।
- **अंतर्राष्ट्रीय ब्यूरो**- यह परमानेंट कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन का सचिवालय है, जिसकी अध्यक्षता महासचिव द्वारा की जाती है।

- इसके पास एक वित्तीय सहायता कोष है जो विकासशील देशों को परमानेंट कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन द्वारा विवाद निपटान में शामिल लागत को पूरा करने में मदद करता है।

अत: विकल्प (a) सही है।

41. (b)

व्याख्या:

- मदन मोहन मालवीय महान शिक्षाविद्, बेहतरीन वक्ता और एक प्रसिद्ध राष्ट्रीय नेता थे।
  - उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम आंदोलनों, उद्योगों को बढ़ावा देने, देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में योगदान देने, शिक्षा, धर्म, सामाजिक सेवा, हिंदी भाषा के विकास और राष्ट्रीय महत्त्व से संबंधित कई अन्य गतिविधियों में हिस्सा लिया।
  - महात्मा गांधी ने उन्हें 'महामना' की उपाधि दी थी और भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. एस. राधाकृष्णन ने उन्हें 'कर्मयोगी' का दर्जा दिया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- उन्हें वर्ष 1909, वर्ष 1918, वर्ष 1932 और वर्ष 1933 में कुल चार बार कॉन्ग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रूप में चुना गया था।
- वे एक सफल समाज सुधारक और नीति निर्माता थे, जिन्होंने 11 वर्ष (1909-1920) तक 'इम्पीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल' के सदस्य के रूप में कार्य किया। **अत: कथन 2 सही है।**
- मालवीय जी को 'गिरमिटिया मज़दूरी' प्रथा को समाप्त करने में उनकी भूमिका के लिये याद किया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - 'गिरमिटिया मज़दूरी' प्रथा बंधुआ मज़दूरी प्रथा का ही एक रूप है, जिसे वर्ष 1833 में दास प्रथा के उन्मूलन के बाद स्थापित किया गया था।
- उन्होंने वर्ष 1915 में हिंदू महासभा की स्थापना में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की थी।
- मालवीय जी ने वर्ष 1916 में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (BHU) की भी स्थापना की थी।

42. (c)

व्याख्या:

- **क्लोरोफिल:**
  - क्लोरोफिल पौधों, शैवाल, और साइनोबैक्टीरिया में पाए जाना वाला एक प्रकार का हरा वर्णक है जो सूर्य के प्रकाश को अवशोषित करता है और अपनी ऊर्जा का उपयोग कार्बनडाइ-ऑक्साइड (CO_2) और पानी से कार्बोहाइड्रेट को संश्लेषित करने के लिए करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - क्लोरोफिल; पौधों, शैवाल और साइनोबैक्टीरिया में उपस्थित एक हरा वर्णक होता है। यह सूर्य के प्रकाश को अवशोषित करता है तथा इसका उपयोग कार्बन डाइऑक्साइड (CO_2) व जल की सहायता से कार्बोहाइड्रेट को संश्लेषित करने में करता है।
    - पौधों में क्लोरोफिल का संश्लेषण एक लंबी और कई चरणों वाली प्रक्रिया द्वारा होता है।
  - जब बीज अंकुरित होकर मिट्टी से बाहर निकलता है तो वृद्धि व विकास हेतु वह क्लोरोफिल का संश्लेषण करता है।
    - अंधेरे में क्लोरोफिल के त्वरित संश्लेषण को सरल बनाने के लिये पौधे क्लोरोफिल पर दबाव डालते हैं जिसे **'प्रोटोक्लोरोफिलाइड' (Protochlorophyllide)** नाम से जाना जाता है और नीले प्रकाश में यह लाल दिखाई देता है।
      - प्रोटोक्लोरोफिलाइड क्लोरोफिल के संश्लेषण में माध्यम का कार्य करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- ❖ प्रोटोक्लोरोफिलाइड की मात्रा अनुपात से कम होती है तो पौधे ढंग से हरे नहीं हो पाते और सूर्य का प्रकाश ग्रहण करने में भी असमर्थ हो जाते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

- ◆ जैसे ही पौधा मिट्टी के बाहर प्रकाश में आता है वैसे ही प्रकाश-निर्भर एंजाइम प्रोटोक्लोरोफिलाइड को क्लोरोफिल में बदल देते हैं।

- हाल ही में **इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (Indian Institute of Science Education and Research)** ने **BBX11 जीन** को मान्यता दी है जो फसलों को हरा बनाए रखने में मदद करता है।

43. (a)

व्याख्या:

- **डायरेक्ट-टू-होम(DTH)** एक डिजिटल उपग्रह सेवा प्रदाता है जो देश में कहीं भी उपग्रह प्रसारण के माध्यम से ग्राहकों को सीधे TV देखने की सेवा प्रदान करता है।

- ◆ OTT सेवाओं से आशय ऐसे एप से है, जिनका उपयोग उपभोक्ताओं द्वारा इंटरनेट के माध्यम से किया जाता है। OTT शब्द का प्रयोग आमतौर पर वीडियो-ऑन-डिमांड प्लेटफॉर्म के संबंध में किया जाता है, लेकिन ऑडियो स्ट्रीमिंग, मैसेज सर्विस या इंटरनेट-आधारित वॉयस कॉलिंग सोल्यूशन के संदर्भ में भी इसका प्रयोग होता है। **अत: कथन 1 सही है।**

- DTH में, संकेत **प्रकृति से डिजिटल होते हैं** और सीधे उपग्रह से प्राप्त होते हैं। OTT को स्मार्टफोन, टैबलेट, लैपटॉप/कंप्यूटर की आवश्यकता होती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

44. (c)

व्याख्या:

- पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर 25 दिसंबर को प्रतिवर्ष सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर, 1924 को ग्वालियर (अब मध्य प्रदेश का एक हिस्सा) में हुआ था।
- उन्होंने वर्ष 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश किया जिसने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन का अंत कर दिया। **अत: कथन 1 सही है।**
- वर्ष 1947 में वाजपेयी ने दीनदयाल उपाध्याय के समाचार पत्रों के लिये एक पत्रकार के रूप में राष्ट्रधर्म (एक हिंदी मासिक), पांचजन्य (एक हिंदी साप्ताहिक) और दैनिक समाचार पत्रों-स्वदेश और वीर अर्जुन में काम करना शुरू किया। बाद में श्यामा प्रसाद मुखर्जी से प्रभावित होकर वाजपेयी जी वर्ष 1951 में भारतीय जनसंघ में शामिल हो गए।
- वह भारत के पूर्व प्रधानमंत्री थे और वर्ष 1996 तथा 1999 में दो बार इस पद के लिये चुने गए थे।
- एक सांसद के रूप में वाजपेयी को वर्ष 1994 में सर्वश्रेष्ठ सांसद के रूप में पंडित गोविंद बल्लभ पंत पुरस्कार से सम्मानित किया गया था, जो उन्हें "सभी सांसदों के लिये एक रोल मॉडल के रूप में परिभाषित करता है।
- उन्हें वर्ष 2015 में देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से और वर्ष 1994 में दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**

45. (a)

व्याख्या:

- यह केंद्रीय क्षेत्र की एक योजना है जिसकी शुरुआत फरवरी 2019 में की गई थी। योजना का **कार्यान्वयन 'केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय' द्वारा** किया जा रहा है।
- इस योजना की पहली वर्षगांठ पर, **'केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय' के सहयोग से राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र** (National Informatics Centre) द्वारा विकसित और डिज़ाइन किया गया 'पीएम-किसान मोबाइल एप' लॉन्च किया गया था।

नोट :

- इस योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा भू-स्वामित्व (आकार के भेदभाव के बगैर) वाले सभी किसानों के बैंक खातों में DBT के माध्यम से प्रतिवर्ष 6,000 रुपए की राशि तीन समान किस्तों में हस्तांतरित की जाती है।
  - इस योजना के लिये लाभार्थी किसान परिवारों के पहचान की पूरी ज़िम्मेदारी राज्य/केंद्रशासित प्रदेश की सरकारों की होती है।
- इसके तहत प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (DBT) के माध्यम से देश के 9 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खाते में 18000 करोड़ रुपए जमा किये गए हैं।
- फरवरी 2019 में इस योजना की शुरुआत के बाद से अब तक 1 लाख 10 हज़ार करोड़ रुपए से अधिक की राशि किसानों के खाते में पहुँच चुकी है।

अत: विकल्प (a) सही है।

46. (b)

व्याख्या:

- हिमशैल उसे कहते हैं जो हिमनद (Glacier) या शेल्फ बर्फ (Shelf Ice) से विखंडित होकर खुले पानी में तैरता रहता है।
  - हिमशैल A68a का आकार बंद मुट्ठी से इंगित करती हुई एक उंगली की तरह है जो वर्ष 2017 में पश्चिम अंटार्कटिक प्रायद्वीप (West Antarctic Peninsula) के लार्सन आइस शेल्फ (Larsen Ice Shelf) से अलग हो गया था। इस हिमशैल का तापमान पृथ्वी के दक्षिणी महाद्वीप के किसी भी अन्य हिस्से की तुलना में तेज़ी से बढ़ा है।
    - ब्रिटिश अंटार्कटिक सर्वे (British Antarctic Survey) पारिस्थितिकी तंत्र पर A68a के प्रभाव का अध्ययन करने के लिये एक शोध मिशन शुरू करेगा।
- BAS प्राकृतिक पर्यावरण अनुसंधान परिषद (Natural Environment Research Council) का एक घटक है तथा NERC, यू.के. रिसर्च एंड इनोवेशन (UK Research and Innovation) का हिस्सा है। यह ध्रुवीय क्षेत्रों में विश्व को अग्रणी अंत:विषयक अनुसंधान प्रदान करता है।
- हिमशैल महासागरीय धाराओं के साथ तैरते हैं, लेकिन मार्ग में उथला जल या तटीय क्षेत्र की उपस्थिति के कारण स्थिर हो जाते हैं।
  - अंटार्कटिक परिध्रुवीय धारा (ACC) दक्षिणी महासागर की एक महत्त्वपूर्ण धारा है और पूरे विश्व में प्रवाहित होने वाली एक मात्र महासागरीय धारा है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यू.एस. नेशनल आइस सेंटर (USNIC) **एकमात्र संस्थान** है जो अंटार्कटिक के हिमखंडों का नामकरण करता है तथा उन पर नज़र रखता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

47. (a)

व्याख्या:

- **'बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन एक्ट, 1873'** के तहत कार्यान्वित **'इनर-लाइन परमिट' एक आधिकारिक यात्रा दस्तावेज़ होता है,** जो कि एक सीमित अवधि के लिये संरक्षित/प्रतिबंधित क्षेत्र में भारतीय नागरिकों को जाने अथवा रहने की अनुमति देता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - इस अधिनियम को ब्रिटिश काल के दौरान ब्रिटिश सरकार ने अपने वाणिज्यिक हितों की रक्षा करने के लिये लागू किया था, ताकि इन प्रतिबंधित क्षेत्रों के भीतर अन्य भारतीय क्षेत्रों से आने वाले लोगों को व्यापार करने से रोका जा सके।
- इस प्रणाली के तहत प्रतिबंधित क्षेत्रों और शेष भारत को दो हिस्सों में विभाजित करने के लिये एक काल्पनिक रेखा बनाई गई है, जिसे 'इनर-लाइन' के रूप में जाना जाता है, इसका उद्देश्य शेष भारत के किसी भी अन्य नागरिक को बिना परमिट के प्रतिबंधित क्षेत्र में जाने से रोकना है।

नोट :

- 1873 के विनियमन की धारा 2 के तहत 'इनर-लाइन परमिट' पूर्वोत्तर के **केवल तीन राज्यों (मिज़ोरम, अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड)** पर लागू होता था।
  - 11 दिसंबर, 2019 को राष्ट्रपति की मंज़ूरी के बाद **मणिपुर देश का चौथा ऐसा राज्य** बना जहाँ ILP प्रणाली लागू होती है। **अत: कथन 2 सही है।**

48. (b)

व्याख्या:

- हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा एक वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना-सेहत (Ayushman Bharat PMJAY-SEHAT) को लॉन्च किया है। इस योजना का उद्देश्य जम्मू-कश्मीर क्षेत्र के सभी निवासियों के लिये स्वास्थ्य बीमा सुविधा उपलब्ध कराना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह योजना नि: शुल्क बीमा कवर प्रदान करती है। इसके तहत प्रत्येक परिवार को 5 लाख रुपए तक का आर्थिक कवर प्रदान किया जाएगा जिसे परिवार के किसी एक या सभी सदस्यों के लिये प्रयोग किया जा सकता है। अर्थात् इसके अंतर्गत एक ही प्लान के तहत पूरे परिवार का बीमा किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह योजना प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PMJAY) के साथ मिलकर कार्य करेगी। **अत: कथन 3 सही है।**

49. (a)

व्याख्या:

- वैज्ञानिकों की एक टीम ने एक **नैनोमीसल्स** बनाया है जिसका उपयोग स्तन, बृहदान्त्र और फेफड़ों के कैंसर सहित **विभिन्न प्रकार के कैंसर के इलाज में प्रभावी** दवा वितरण के लिये किया जा सकता है। **अत: विकल्प (a) सही है।**
  - नैनोटेक्नोलॉजी या नैनोटेक वह तकनीक है जिसमें किसी भी पदार्थ में परमाणु, आणविक और सुपरमॉलीक्यूलर स्तर पर परिवर्तन किया जा सकता है। इसमें 1 से 100 नैनोमीटर तक के कण शामिल होते हैं।
- नैनोमीसल्स एम्फीफिलिक हैं अर्थात् ये एक 'हाइड्रोफिलिक आउटर शेल' (Hydrophilic Outer Shell) तथा एक हाइड्रोफोबिक इंटीरियर से निर्मित होते हैं। यह दोहरा गुण उन्हें दवा के अणुओं को वितरित करने के लिये एक आदर्श वाहक बनाता है।
  - हाइड्रोफिलिक शेल मीसल्स को पानी में घुलनशील बनाता है जो अंत:शिरा वितरण के लिये अनुमति देता है जबकि हाइड्रोफोबिक कोर चिकित्सा के लिये दवा का परिवहन करता है।

50. (b)

व्याख्या:

- केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय (MoHUA) द्वारा जल्द ही स्ट्रीट वेंडर्स (सड़क विक्रेताओं) के लिये 'मैं भी डिजिटल' (Main Bhi Digital) अभियान शुरू किया जाएगा, ताकि उन्हें डिजिटल रूप से भुगतान स्वीकार करने में सक्षम बनाया जा सके। **अत: विकल्प (b) सही है।**
  - यह अभियान कोरोना वायरस महामारी के मद्देनज़र स्ट्रीट वेंडर्स को सूक्ष्म ऋण प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (PM SVANidhi) अर्थात् पीएम स्वनिधि योजना की सफलता से प्रेरित है।
- इस अभियान के हिस्से के रूप में 4 जनवरी, 2021 से 22 जनवरी, 2021 के बीच देश भर के 10 लाख से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स, जिन्होंने पीएम स्वनिधि योजना के तहत 10,000 रुपए का ऋण प्राप्त किया है, को डिजिटल भुगतान प्रणाली के उपयोग हेतु प्रशिक्षित किया जाएगा।

51. (b)

व्याख्या:

- हाल ही में सरकार ने पंजाब और सिंध बैंक के **पुनर्पूंजीकरण** (Recapitalise) हेतु **5,500 करोड़** रुपए की कीमत के **स्पेशल ज़ीरो कूपन रिकैपिटलाइजेशन बॉण्ड्स** (Special Zero Coupon Recapitalisation Bonds) जारी किये हैं।

नोट :

- **विशेष ज़ीरो कूपन पुनर्पूंजीकरण बॉण्ड्** विशेष प्रकार के बॉण्ड्स हैं जो केंद्र सरकार द्वारा विशेष रूप से किसी विशेष संस्थान को जारी किये जाते हैं।
  - ये न तो व्यापार योग्य हैं और न ही हस्तांतरणीय। ये केवल एक विशिष्ट बैंक तक ही सीमित है तथा इन्हें एक निर्दिष्ट अवधि के लिये ही जारी किया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - ये कोई कूपन नहीं हैं तथा इन्हें अंकित मूल्य पर ही जारी किया गया है जिसका भुगतान निर्दिष्ट अवधि के अंत में किया जाएगा।
- कूपन निवेशक को एक बॉण्ड पर प्राप्त होने वाला ब्याज़ है।
- इन **बॉण्ड** को RBI के दिशा निर्देशों के अनुसार बैंक की **परिपक्कव प्रतिभूतियों** (Held-To-Maturity- HTM) की श्रेणी में शामिल किया जाता है।
  - **HTM** प्रतिभूतियों को परिपक्वता अवधि तक के लिये खरीदा जाता है।
- इन विशेष बॉण्डों के जारी होने से राजकोषीय घाटे **(Fiscal Deficit)** पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा जबकि एक ही समय में बैंक के पास काफी अधिक मात्रा में आवश्यक पूंजी उपलब्ध होगी। **अत: कथन 2 सहीं है।**

52. (a)

व्याख्या:

- **धरोहर गोद लें: अपनी धरोहर, अपनी पहचान परियोजना** का उद्देश्य भारत भर में फैले विरासत/प्राकृतिक/पर्यटन स्थलों पर सुविधाओं को योजनाबद्ध और चरणबद्ध तरीके से पर्यटन के अनुकूल बनाना एवं विकसित करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह **पर्यटन मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय** और **भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण** (ASI), राज्य/केंद्रशासित प्रदेश की सरकारों का एक सहयोगात्मक प्रयास है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **स्थलों/स्मारकों** को पर्यटक **फुटफॉल और दृश्यता के आधार पर चुना जाता** है तथा इसे **पाँच वर्ष** की प्रारंभिक अवधि के लिये निजी तथा सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों एवं व्यक्तियों द्वारा अपनाया जा सकता है, जिन्हें **स्मारक मित्र** के रूप में जाना जाता है।
- **स्मारक मित्रों** का चुनाव धरोहर स्थल पर सभी सुविधाओं के विकास के लिये बोली लगाने वाले की मंशा के आधार पर **'निरीक्षण और निगरानी समिति'** द्वारा पर्यटन सचिव और संस्कृति सचिव की सह-अध्यक्षता में किया जाता है।
  - इसमें **कोई वित्तीय बोली शामिल नहीं** है।
- **कॉर्पोरेट क्षेत्र** से अपेक्षा की जाती है कि वह स्थल के रखरखाव के लिये कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (CSR) फंड का उपयोग करे।

53. (b)

व्याख्या:

- नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (NCMC) आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा अभिकल्पित एक इंटर-ऑपरेबल ट्रांसपोर्ट कार्ड है, जिसे वर्ष 2019 में लॉन्च किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह कार्डधारक को परिवहन के सभी साधनों तक पहुँच प्रदान करेगा और इससे यात्रियों को टोकन के लिये लंबी कतारों में इंतज़ार नहीं करना पड़ेगा।
- यह उपयोगकर्त्ताओं को एक साथ यात्रा का शुल्क देने, टोल शुल्क देने और खरीदारी के लिये भुगतान करने की अनुमति देता है, साथ ही कार्डधारक इसके माध्यम से पैसे भी निकाल सकते हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- ध्यातव्य है कि 'वन नेशन, वन कार्ड' तकनीकी रूप से 'रुपे कार्ड' पर निर्भर है और इससे यात्रा के दौरान किराये से संबंधित सभी दिक्कतें खत्म हो जाएंगी।

नोट :

54. (c)

व्याख्या:

- हाल ही में भारत द्वारा 'न्यूमोसिल' (PNEUMOSIL) नामक पहली पूर्ण स्वदेशी 'न्यूमोकोकल कॉन्ज्यूगेट वैक्सीन' (Pneumococcal Conjugate Vaccine-PCV) को लॉन्च किया गया है।
- स्ट्रेप्टोकोकस न्यूमोनिया या न्यूमोकोकस नामक बैक्टीरिया के कारण होने वाले संक्रमण को न्यूमोकोकल रोग के नाम से जाना जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह बैक्टीरिया छोटे बच्चों में रक्तप्रवाह संक्रमण, निमोनिया, मेनिन्जाइटिस और मध्यकर्णशोथ (Middle Ear Infections) का सबसे आम कारण है।
    - निमोनिया फेफड़ों का संक्रमण है। कई अलग-अलग बैक्टीरिया, वायरस और यहाँ तक कि कवक भी निमोनिया का कारण बन सकते हैं। न्यूमोकोकस गंभीर निमोनिया के सबसे आम कारणों में से एक है।
- न्यूमोकोकल कंजुगेट वैक्सीन (PCV) न्यूमोकोकल बीमारी को रोकती है।
  - यह वैक्सीन न्यूमोकोकी परिवार के कई जीवाणुओं का मिश्रण है, जिन्हें निमोनिया के कारक के रूप में जाना जाता है, इसीलिये इस वैक्सीन के नाम में संयुग्म या 'कंजुगेट' शब्द को शामिल किया गया है।
  - संयुग्म टीकों दो अलग-अलग घटकों के संयोजन के माध्यम से बनाया जाता है
- भारत सरकार द्वारा न्यूमोकोकल बीमारी से लड़ने के लिये सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (UIP) के तहत पीसीवी की पहुँच सुनिश्चित की जा रही है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - UIP में निष्क्रिय पोलियो वैक्सीन (Inactivated Polio Vaccine-IPV), Haemophilus Influenzae type b (Hib), मीजल्स, रूबेला वैक्सीन (Measles, Rubella (MR) vaccine), वयस्क जापानी इंसेफेलाइटिस वैक्सीन (Adult Japanese Encephalitis (JE) vaccine), तपेदिक (Tuberculosis), डिप्थीरिया (Diphtheria), काली खाँसी (Pertussis), हेपेटाइटिस बी (Hepatitis B), **न्यूमोनिया (Pneumonia)** और हीमोफिलस इन्फ्लुएंजा टाइप बी (Haemophilus Influenzae Type b-Hib) के कारण होने वाले मेनिनजाइटिस (Meningitis) रोग पहले से ही शामिल हैं।

55. (d)

व्याख्या:

- हाल ही में भारत के विदेश मंत्री ने कतर के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच आर्थिक एवं सुरक्षा सहयोग को मज़बूत करने पर चर्चा की।
  - कतर एक प्रायद्वीपीय अरब देश है जो पूर्वी सऊदी अरब के साथ भूमि सीमा साझा करता है, संयुक्त अरब अमीरात (UAE) कतर के उत्तर और पश्चिम में स्थित है (लेकिन कतर के साथ सीमा साझा नहीं करता है)। **अत: कथन 1 सही है।**
  - सऊदी अरब, बहरीन, यूएई और ईरान के साथ कतर अपनी समुद्री सीमाएँ साझा करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

56. (b)

व्याख्या:

- केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 7वें अच्छे और प्रतिकारक अभ्यास तथा नवाचारों पर राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन (National Summit on Good, Replicable Practices & Innovations) का उद्घाटन किया। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - इस तरह का पहला शिखर सम्मेलन वर्ष 2013 में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में विभिन्न सर्वोत्तम प्रथाओं और नवाचारों को पहचानने, प्रस्तुत करने और उनका दस्तावेज़ीकरण करने के लिये श्रीनगर में आयोजित किया गया था।

नोट :

- इस सम्मेलन के दौरान नई स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली (HMIS) के माध्यम से आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर्स में 'तपेदिक सेवाओं के लिये परिचालन संबंधी दिशा-निर्देश' और 'कुष्ठ रोग के सक्रिय मामलों की पहचान व उनकी नियमित निगरानी संबंधी दिशा-निर्देश 2020' जारी किये गए हैं।

- इन सम्मेलनों में प्रस्तुत अभ्यास और नवाचार प्रजनन, मातृ, नवजात, बाल स्वास्थ्य और किशोर स्वास्थ्य (RMNCH+A- Reproductive, Maternal, Neonatal, Child Health and Adolescent Health) से लेकर संचारी रोगों (क्षय रोग, मलेरिया और अन्य वेक्टर जनित रोग और कुष्ठ रोग सहित) के गैर-संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रमों से संबंधित होते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

7वें राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन के प्रमुख बिंदु:

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य नवप्रवर्तन पोर्टल को अच्छे व्यवहार और नवाचारों के संग्रहण और उनके प्रसार की सुविधा हेतु सार्वजनिक डोमेन में एक मंच के तौर पर सेवा देने के लिये शुरू किया गया था, जो प्रतिकृति के रूप में पाए जाते हैं।
- स्वास्थ्य मंत्रालय के ई-संजीवनी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 1 मिलियन से अधिक टेली-परामर्श किये गए हैं।
- ई-संजीवनी एक 'डॉक्टर-टू-डॉक्टर' (Doctor to Doctor) टेलीमेडिसिन प्रणाली है, जिसे आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र कार्यक्रम के तहत कार्यान्वित किया जा रहा है। **अत: कथन 3 सही है।**

57. (c)

व्याख्या:

हाल ही में भारत ने लद्दाख के **त्सो कर (Tso Kar) आर्द्रभूमि क्षेत्र** (Wetland Complex) को अपने **42वें रामसर स्थल** के रूप में शामिल किया है इसे यह दर्जा **आर्द्रभूमियों पर अंतर्राष्ट्रीय रामसर कन्वेंशन** (International Ramsar Convention on Wetlands) द्वारा प्रदान किया गया है।

इससे पहले महाराष्ट्र में लोनार झील और आगरा में सुर सरोवर (जिसे केथम झील भी कहा जाता है) को रामसर स्थलों की सूची में शामिल किया गया था।

- **त्सो कर आर्द्रभूमि क्षेत्र के बारे में:**
  - त्सो कर बेसिन एक **उच्च ऊँचाई वाला आर्द्रभूमि क्षेत्र** है, जिसमें दो प्रमुख जलप्रपात शामिल हैं:
    - दक्षिण में लगभग 438 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली मीठे पानी की झील **स्टारत्सपुक त्सो।**
    - उत्तर में 1800 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली खारे पानी की झील **त्सो कर**
  - त्सो कर का अर्थ है **सफेद झील**। अत इस क्षेत्र में मौजूद अत्यधिक खारे पानी के वाष्पीकरण के कारण किनारे पर सफेद नमक की पपड़ी (एफ्लोरेंस) पाई जाती है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - त्सो कर घाटी ए 1 श्रेणी का एक महत्त्वपूर्ण पक्षी क्षेत्र (आईबीए) है तथा प्रवासी पक्षियों के लिये **'मध्य एशियाई फ्लाईवे'** (Central Asian Flyway) एक महत्त्वपूर्ण मार्ग प्रदान करता है। **अत कथन 2 सही है।**

58. (d)

व्याख्या:

- **डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (DFC)**
  - यह उच्च गति और उच्च क्षमता वाला विश्व स्तरीय तकनीक के अनुसार बनाया गया एक रेल मार्ग होता है, जिसे विशेष तौर पर माल एवं वस्तुओं के परिवहन हेतु बनाया जाता है।
  - डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (DFC) में बेहतर बुनियादी ढाँचे और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का एकीकरण शामिल होता है।

नोट :

- सरकार द्वारा दो डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर- ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (EDFC) और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (WDFC) बनाए जा रहे हैं।
  - **ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (EDFC)**
    - यह डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पंजाब में साहनेवाल (लुधियाना) से शुरू होकर पश्चिम बंगाल के दनकुनी में समाप्त होता है।
    - ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (EDFC) के मार्ग में कोयला खदानें, थर्मल पावर प्लांट और औद्योगिक शहर मौजूद हैं।
    - इसके मार्ग में पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल आदि राज्य शामिल हैं।
    - इस परियोजना का अधिकांश हिस्सा विश्व बैंक द्वारा वित्तपोषित है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
    - 351 किमी. लंबा 'न्यू भूपुर-न्यू खुर्जा खंड' 'मौजूदा कानपुर-दिल्ली लाइन पर भीड़ को कम करेगा और साथ ही यह मालगाड़ियों की गति को 25 किमी. प्रति घंटा से 75 किमी. प्रति घंटा कर देगा।
  - **वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (WDFC)**
    - 1504 किलोमीटर लंबा वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, जवाहरलाल नेहरू पोर्ट टर्मिनल (महाराष्ट्र) से दादरी (उत्तर प्रदेश) तक है और यह देश के प्रमुख बंदरगाहों से होकर गुज़रता है।
    - इसमें हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश शामिल हैं।
    - यह जापान अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (JICA) द्वारा वित्तपोषित है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

59. (c)

व्याख्या:

कर्नाटक वन विभाग, बैट कंज़र्वेशन इंडिया ट्रस्ट (BCIT) के साथ मिलकर कोलार लीफ-नोज़्ड बैट (Kolar Leaf-Nosed Bat) को विलुप्त होने से बचाने के लिये तैयारी कर रहा है।

- BCIT एक गैर-लाभकारी संगठन है जिसकी स्थापना भारत में चमगादड़ों के निवास स्थान की रक्षा करके उनकी प्रजातियों के संरक्षण के लिये की गई थी। इसका मुख्यालय बंगलूरु, कर्नाटक में है।
- **भौगोलिक सीमा:** यह भारत के लिये स्थानिक है। वर्तमान में यह केवल कर्नाटक के कोलार ज़िले के हनुमानहल्ली गाँव में एक गुफा से जाना जाता है। **अत: कथन 1 और 2 सही है।**
- **खतरे:** भूमि उपयोग परिवर्तन शिकार और पत्थर खदान की वजह से आवास की हानि।
  - कई वर्ष पहले तक हनुमानहल्ली गाँव में केवल दो गुफाओं में कोलार लीफ-नोज़्ड बैट पाया गया था। परंतु इन दो गुफाओं से चमगादड़ की विलुप्ति का कारण अभी भी अज्ञात है।
- **सुरक्षा की स्थिति:**
  - **आईयूसीएन रेड लिस्ट:** गंभीर रूप से संकटग्रस्त
  - **वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972:** इस अधिनियम के तहत कानूनी संरक्षण नहीं दिया गया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

60. (b)

व्याख्या:

हाल ही में 'पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो' (Bureau of Police Research and Development- BPRD) द्वारा 'पुलिस संगठनों के आँकड़े' (Data on Police Organisations) नामक रिपोर्ट जारी की गई है। इसके आँकड़ों के अनुसार:

नोट :

- स्वीकृत प्रति पुलिस कर्मचारी जनसंख्या (PPP)- 511.81 है।
- स्वीकृत पुलिस जनसंख्या अनुपात (PPR) -195.39 है।
- संयुक्त राष्ट्र द्वारा अधिदिष्ट पुलिस-जनसंख्या अनुपात 220 से अधिक है। गौरतलब है कि वर्ष 2018 (PPR-198) के आँकड़ों की तुलना में PPR में गिरावट देखने को मिली है।
- इस प्रकार यह संयुक्त राष्ट्र द्वारा अधिदिष्ट पुलिस-जनसंख्या अनुपात के बराबर नहीं है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो

- भारत सरकार ने वर्ष 1970 में गृह मंत्रालय के अधीन इसकी स्थापना की। **अत: कथन 2 सही है।**
- पुलिस बलों के आधुनिकीकरण के प्रमुख उद्देश्य के साथ इसने पुलिस अनुसंधान एवं परामर्श समिति (Police Research and Advisory Council, 1966) का स्थान लिया।
- वर्ष 1995 में भारत सरकार ने सुधारात्मक प्रशासन से संबंधित कार्यों (Correctional Administration Work) को BPRD के अधीन सौंपने का निर्णय लिया।

61. (c)

व्याख्या:

- IIT-H में मानव रहित वायुयानों (UAVs) तथा दूरस्थ नियंत्रित वाहनों (RoVs) के लिये स्वायत्त नौवहन प्रणाली अथवा ऑटोनोमस नेविगेशन सिस्टम पर आधारित प्रौद्योगिकी नवाचार केंद्र को 'तिहान फाउंडेशन' (TiHAN Foundation) के रूप में जाना जाता है। संस्थान द्वारा जून 2020 में इसे खंड-8 कंपनी के रूप में मान्यता दी गई है।
  - यह एक बहु-विभागीय पहल है जिसमें प्रतिष्ठित संस्थानों और उद्योगों के सहयोग तथा समर्थन के साथ IIT-H में इलेक्ट्रिकल, कंप्यूटर साइंस, मैकेनिकल एवं एयरोस्पेस, सिविल, गणित व डिज़ाइन के शोधकर्त्ता शामिल हैं।
  - यह 'आत्मनिर्भर भारत', 'स्किल इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' की दिशा में एक बेहतरीन कदम है।
- तिहान-आईआईटी स्वायत्त नौवहन और डेटा अधिग्रहण प्रणाली के विशिष्ट डोमेन क्षेत्र में अंतर-विषयी प्रौद्योगिकियों के अनुसंधान एवं विकास पर आवश्यकतानुसार ध्यान देने के साथ ही यह केंद्र मानव रहित एवं स्वायत्त वाहनों से संबंधित विभिन्न चुनौतियों के तत्काल समाधान पर ज़ोर देता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) ने राष्ट्रीय अंतर-विषयी साइबर-फिज़िकल सिस्टम (National Mission on Interdisciplinary Cyber-Physical Systems- NM-ICPS) मिशन के तहत स्वायत्त नौवहन एवं डेटा अधिग्रहण प्रणाली (UAVs, RoVs आदि) पर एक प्रौद्योगिकी नवाचार केंद्र स्थापित करने हेतु आईआईटी हैदराबाद (IIT-H) के लिये 135 करोड़ रुपए मंज़ूर किये थे। **अत: कथन 2 सही है।**

62. (c)

व्याख्या:

- यह गंगा नदी की एक प्रमुख सहायक नदी है जो उत्तराखंड के उत्तरकाशी ज़िले में निम्न हिमालय के मसूरी रेंज में बंदरपूँछ चोटी के पास यमुनोत्री ग्लेशियर से निकलती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली में बहती हुई उत्तर प्रदेश के प्रयागराज (संगम) में गंगा नदी में मिल जाती है।
- लंबाई: युमना नदी की कुल लंबाई 1376 किमी. है।
- महत्त्वपूर्ण बाँध: लखवार-व्यासी बाँध (उत्तराखंड), ताजेवाला बैराज बाँध (हरियाणा) आदि।
- चंबल, सिंध, बेतवा, केन और टोंस यमुना में आकर इसके दाहिने किनारे पर मिलती हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :



63. (c)

व्याख्या:

- डिजिटल-गवर्नेंस में अनुकरणीय पहलों/प्रथाओं को सम्मानित करने के लिये डिजिटल इंडिया पुरस्कार (Digital India Awards) का गठन भारत के राष्ट्रीय पोर्टल (National Portal of India) के तहत किया गया है।
  - यह पुरस्कार इससे पहले 5 सत्रों (वर्ष 2009, 2012, 2014, 2016 और 2018 में) में प्रदान किया जा चुका है। इस पुरस्कार को शुरू में (वर्ष 2014 तक) 'वेब रत्न पुरस्कार' के रूप में जाना जाता था और वर्ष 2016 के सत्र से इसे 'डिजिटल इंडिया अवार्ड' का नाम दिया गया। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - इनका संचालन 'केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय' (MeitY) के तहत कार्यरत 'राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र' (NIC) द्वारा किया जाता है।
- सरकार द्वारा शुरू की गई 22 डिजिटल गवर्नेंस पहलों/उत्पादों को नवीन नागरिक-केंद्रित डिजिटल समाधानों के लिये डिज़ाइन तैयार करने और लागू करने तथा सभी नागरिकों के ईज़ ऑफ लिविंग में सुधार हेतु सात श्रेणियों में डिजिटल इंडिया अवार्ड 2020 प्रदान किये गए।
  - इस वर्ष 'महामारी में नवाचार पुरस्कार' या इनोवेशन इन पैंडेमिक अवार्ड' ('Innovation in Pandemic award') नामक पुरस्कार की शुरुआत की गई। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस पुरस्कार के तहत स्वास्थ्य, श्रम, वित्त, सामाजिक न्याय और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में व्यापक डिजिटल उपस्थिति सुनिश्चित करने में अनुकरणीय पहल (जो सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने में योगदान देते हैं) वाले राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को सम्मानित किया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

64. (c)

व्याख्या:

- इको-सेंसिटिव जोन या पर्यावरण संवेदी क्षेत्र संरक्षित क्षेत्रों, राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभयारण्यों के आस-पास 10 किलोमीटर के भीतर का क्षेत्र होता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- ESZ को भारत सरकार के MoEFCC मंत्रालय द्वारा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत अधिसूचित किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- ये क्षेत्र संवेदनशील गलियारों, कनेक्टिविटी और पारिस्थितिक रूप से महत्त्वपूर्ण स्थानों के साथ पारिस्थितिक भू-दृश्य लिंकेज के लिये भी महत्त्वपूर्ण है यहाँ तक कि 10 किमी. से भी अधिक के क्षेत्र को पर्यावरण संवेदी क्षेत्र के रूप में शामिल किया जा सकता है।
- इसका मूल उद्देश्य राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभयारण्यों के आसपास कुछ गतिविधियों को विनियमित करना है ताकि संरक्षित क्षेत्रों को शामिल करने वाले पर्यावरण संवेदी क्षेत्र में ऐसी गतिविधियों के नकारात्मक प्रभावों को कम किया जा सके।

65. (c)

व्याख्या:

- पराग्वे दक्षिण अमेरिका के दक्षिण-मध्य में स्थित एक स्थल अवरुद्ध/लैंडलॉक देश है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यहाँ बहने वाली नदियाँ अटलांटिक महासागर में गिरती हैं, जो पनबिजली संयंत्रों के प्रमुख केंद्रों के रूप में कार्य करती हैं इसी कारण पराग्वे को जलविद्युत के मामले में विश्व के सबसे बड़े निर्यातक देशों में शामिल किया जाता है।
- पराग्वे मर्कोसुर (MERCOSUR) का सदस्य है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - दक्षिणी साझा बाज़ार जिसे स्पेनिश में मर्कोसुर कहाँ जाता है क्षेत्रीय एकीकरण की एक प्रक्रिया है। इसे अर्जेंटीना, ब्राज़ील, पराग्वे और उरुग्वे देशों द्वारा शुरू किया गया था तथा बाद में वेनेजुएला और बोलिविया भी इस प्रक्रिया में शामिल हो गए।
- भारत ने मर्कोसुर के साथ अधिमान्य व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं न कि मुक्त व्यापार समझौते पर। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- पराग्वे ने वर्ष 2006 में दिल्ली में अपना मिशन स्थापित किया।

नोट :